


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना  वर्ष-15, अंक -97 जबलपुर, बुधवार 13 मई 2026  कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8  संपादक अरुण श्रीवास्तव


## व्हाट्सऐप पर वायरल हस्तलिखित गेस पेपर ने खोली नीट घोटाले की परतें, देशभर में फैला पेपर लीक का जाल

# नीट यूजी 2026 की परीक्षा रद्द की गई



नई दिल्ली।(आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा ह्रश्वश्वञ्ज-त्न 2026 को लेकर सामने आए कथित पेपर लीक मामले ने शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा सुरक्षा और कोचिंग नेटवर्क पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परीक्षा के बाद सोशल मीडिया और विशेष रूप से व्हाट्सऐप पर तेजी से वायरल हुए एक हस्तलिखित गेस पेपर ने पूरे देश में सनसनी फैला दी। जांच में सामने आया कि इस गेस पेपर के लगभग 120 प्रश्न वास्तविक प्रश्नपत्र से मेल खाते थे। मामला सामने आने के बाद राजस्थान पुलिस की विशेष अभियान शाखा ने जांच शुरू की और अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो भी पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने में जुट गया है। बढ़ते विवाद और व्यापक अनियमितताओं की आशंका के बीच केंद्र सरकार ने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया है।

जांच एजेंसियों के अनुसार यह मामला पारंपरिक पेपर लीक की घटनाओं से अलग और कहीं अधिक संगठित तरीके से अंजाम दिया गया। इस बार पूरा प्रश्नपत्र सीधे बेचने के बजाय कथित रूप से एक बड़ा हस्तलिखित गेस पेपर तैयार किया गया, जिसमें वास्तविक परीक्षा के कई प्रश्न शामिल थे। यही कारण है कि शुरुआती स्तर पर इसे सामान्य कोचिंग सामग्री समझा गया और यह तेजी से हजारों विद्यार्थियों तक पहुंच गया। जांच अधिकारियों का कहना है कि यह तरीका इतना सुनियोजित था कि परीक्षा से एक रात पहले तक यह सामग्री कई राज्यों में विद्यार्थियों के मोबाइल तक पहुंच चुकी थी।

राजस्थान विशेष अभियान शाखा के अधिकारियों के अनुसार मामला तब सामने आया जब परीक्षा के चार दिन बाद सीकर के कुछ विद्यार्थियों और एक कोचिंग संस्थान के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से संपर्क कर संभावित पेपर लीक की शिकायत की। इसके बाद एजेंसी ने मामला राजस्थान पुलिस को सौंप दिया। शिकायत मिलते ही विशेष अभियान शाखा के वरिष्ठ अधिकारी सीकर पहुंचे और लगभग डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों की टीम को जांच में लगाया गया। अधिकारियों ने सबसे पहले यह पता लगाने की कोशिश की कि हस्तलिखित गेस पेपर की पहली प्रति किसके पास पहुंची थी और फिर उसका डिजिटल प्रसार कैसे हुआ।

जांच में सामने आया कि महाराष्ट्र के नासिक निवासी और आयुर्वेद चिकित्सा पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के छात्र इस गेस पेपर की पहली हस्तलिखित प्रति मिली थी। आरोप है कि उसने इसकी डिजिटल प्रतियां बनाकर व्हाट्सऐप के माध्यम से आगे भेजना शुरू किया। जांच एजेंसियों के मुताबिक यह सामग्री पहले गुरुग्राम के एक व्यक्ति तक पहुंची और वहां से राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड, केरल, जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में फैल गई। राजस्थान के चूरू जिले की एक छात्रा, जो केरल में पढ़ाई कर रही थी, को भी यह सामग्री मिली थी। उसने यह गेस पेपर अपने पिता को भेजा, जो चूरू में एक छात्रावास चलाते हैं। बाद में यह सामग्री छात्रावास के विद्यार्थियों और सीकर के कुछ कोचिंग संस्थानों तक पहुंच गई।

जांच अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क का सबसे खतरनाक पहलू इसकी गति और डिजिटल प्रसार था। परीक्षा से ठीक एक रात पहले हजारों विद्यार्थियों के मोबाइल पर यह सामग्री पहुंच चुकी थी। ऐसे में यह पता लगाना बेहद कठिन हो गया कि किस विद्यार्थी ने इसे केवल गेस पेपर समझकर देखा और किसे वास्तविक लीक की जानकारी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह पहली बार है जब सोशल मीडिया और कोचिंग नेटवर्क के जरिए इतने बड़े स्तर पर पेपर लीक का प्रसार हुआ है।

जांच के दौरान पुलिस को प्राइवेट माफिया नामक एक व्हाट्सऐप समूह की जानकारी भी मिली, जिसके माध्यम से कथित रूप से यह सामग्री बेची और साझा की जा रही थी। कुछ विद्यार्थियों ने पैसे देकर यह सामग्री खरीदी, जबकि कई को यह मित्रों और कोचिंग संस्थानों के जरिए मुफ्त में मिल गई। पुलिस का कहना है कि इस पूरे मामले में कोचिंग संस्थानों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। जयपुर, सीकर और कोटा के कई कोचिंग केंद्रों से पूछताछ की जा रही है और डिजिटल उपकरणों की जांच भी की जा रही है।

विशेष अभियान शाखा के अधिकारियों के अनुसार अब तक बीस से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है।

### नीट यूजी पेपर लीक विवाद के बाद एनटी का बड़ा फैसला, 3 मई को संपन्न हुई परीक्षा रद्द, दोबारा होंगे एग्जाम

नई दिल्ली. देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा, नीट (यूजी) 2026 को लेकर केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने एक बड़ा फैसला लिया है. 3 मई 2026 को आयोजित हुई इस परीक्षा को आधिकारिक तौर पर रद्द कर दिया गया है. यह निर्णय परीक्षा की शुचिता पर उठे सवालों और कथित पेपर लीक के आरोपों के बाद लिया गया है. इस फैसले से देश भर के लगभग 22 लाख छात्र प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अब दोबारा परीक्षा देनी होगी. एनटीए के अनुसार, 3 मई को परीक्षा संपन्न होने के बाद विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राजस्थान पुलिस से कुछ संदिग्ध इनपुट मिले थे. जांच में पता चला कि परीक्षा से पहले ही कुछ प्रश्न गेस पेपर के रूप में सोशल मीडिया और कोचिंग सेंटरों के माध्यम से प्रसारित किए गए थे.

### नीट पेपर लीक का सीहोर कनेक्शन... गिरफ्तार आरोपी शुभम निकला सत्यसाई यूनिवर्सिटी का छात्र

सीहोर। (आरएनएस)। देशभर में चर्चा का विषय बने नीट पेपर लीक मामले के तार अब सीहोर से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। राजस्थान पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपित शुभम खैरनार कभी सीहोर स्थित श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी का छात्र रहा है। इस खुलासे के बाद जिले में भी मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार, राजस्थान पुलिस ने 3 मई 2026 को आयोजित नीट की परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक मामले में महाराष्ट्र के नाशिक निवासी डॉ. शुभम खैरनार को हिरासत में लिया है। जांच एजेंसियां उससे लगातार पूछताछ कर रही हैं। बताया जा रहा है कि शुभम ने सीहोर की श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी में आयुर्वेद चिकित्सा (बीएएमएस) पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था।

मामले के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने आरोपी से दूरी बनाते हुए अपना पक्ष रखा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी का कहना है कि शुभम ने वर्ष 2021 में बीएएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश जरूर लिया था, लेकिन इसके बाद वह कभी नियमित रूप से कॉलेज नहीं आया। कुलपति का कहना है कि शुभम किसी परीक्षा में शामिल नहीं हुआ और न ही विश्वविद्यालय की किसी अन्य शैक्षणिक गतिविधि का हिस्सा रहा। शुभम के सीहोर से जुड़े शैक्षणिक रिकॉर्ड सामने आने के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि जांच एजेंसियां अब उसके संपर्कों और नेटवर्क की भी पड़ताल कर सकती हैं। हालांकि अभी तक सीहोर से किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## पश्चिम बंगाल में नियुक्ति पर राहुल गांधी का भाजपा पर तंज

# जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में मुख्य सचिव पद पर मनोज कुमार अग्रवाल की नियुक्ति ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है, जिसे राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत का इनाम बताया है। यह घटनाक्रम 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद हुआ है, जिसमें भाजपा ने निर्णायक जीत हासिल की थी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना की, जब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। एक फेसबुक पोस्ट साझा करते हुए, कांग्रेस सांसद ने चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए लिखा कि भाजपा-चुनाव आयोग के 'चोर बाजार' में - जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम। सोमवार को भाजपा सरकार ने मनोज कुमार अग्रवाल को मुख्य सचिव नियुक्त किया। पश्चिम बंगाल सरकार की अधिसूचना में कहा गया है कि राज्यपाल मनोज कुमार अग्रवाल (एएस (डब्ल्यूबी¬1990), मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पश्चिम बंगाल, और पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह एवं पर्वतीय मामलों (चुनाव) विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार को अगले आदेश तक पश्चिम बंगाल सरकार का मुख्य सचिव नियुक्त करते हैं। राज्य विधानसभा चुनावों से पहले, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर टीएमसी और ईसीआई के बीच का विवाद काफी चर्चा में रहा। 2026 के विधानसभा चुनाव परिणामों ने भाजपा को निर्णायक जनादेश दिया, जिससे 294 सदस्यीय विधानसभा में उसकी सीटों की संख्या पिछले चुनाव के 77 से बढ़कर 206 हो गई। पिछले चुनाव में 212 सीटें जीतने वाली टीएमसी 80 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही और राज्य में उसका 15 साल का शासन समाप्त हो गया। कांग्रेस को केवल दो सीटें मिलीं। चुनाव में जीत के बाद, सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के नौवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। कोलकाता में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल आरएन रवि ने उन्हें शपथ दिलाई,

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश - घर के अंदर दी गई जातिसूचक गाली अपराध नहीं, रद्द किया एससी/एसटी एक्ट का केस

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम (एससी-एसटी एक्ट) को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है. दरअसल, सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि यदि जाति-आधारित गाली-गलौज घर की चारदीवारी के भीतर हुई है, जहां आम जनता की मौजूदगी या नजर न हो, तो उसे एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध नहीं माना जा सकता. जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने इस कानूनी व्याख्या के साथ एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द कर

## बस-डंपर की टक्कर, कई यात्री घायल, पुणे से यूपी जा रही थी बस, कटनी पुलिस ने जब्त किया डंपर

कटनी. एमपी के कटनी बायपास मार्ग पर मंगलवार 12 मई की सुबह करीब 4 बजे एक बस और डंपर की सीधी टक्कर हो गई। हादसा पंसौरा ग्राम पंचायत के पास हुआ। टक्कर में बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन बस में सवार 50 से अधिक यात्री सुरक्षित बच गए।

जानकारी के अनुसार निजी ट्रेवल्स की बस महाराष्ट्र के पुणे से उत्तर प्रदेश के गोंडा जा रही थी। इसी दौरान कटनी बायपास पर सामने से आ रहे डंपर से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे के समय ज्यादातर यात्री सो रहे थे। तेज आवाज के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीण और पंसौरा पंचायत के लोग मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। बस की हालत देखकर बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। कुछ लोगों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और



क्रेन की मदद से बस और डंपर को सड़क से हटवाया। इसके बाद बायपास मार्ग पर यातायात फिर शुरू कराया गया। पुलिस ने यात्रियों के लिए भोजन और पानी की व्यवस्था करवाई और उन्हें गोंडा भेजने के लिए दूसरी बस का इंतजाम किया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार या चालक को झपकी आने को हादसे की वजह माना जा रहा है।

## असम में सरमा युग का विस्तार... हिमंत बिस्वा सरमा ने दूसरी बार ली मुख्यमंत्री पद की शपथ



असम- नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार (12 मई) को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा इलाके में वेटरनरी फील्ड में सरमा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल, पवित्र मार्घेरिटा, शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, और अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे।

यह शपथ ग्रहण समारोह राज्य में लगातार तीसरी ह्ष्ठ सरकार के गठन का प्रतीक है; यह गठबंधन पहली बार 2016 में, अब केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सत्ता में आया था। इस मौके पर सरमा की माँ मृणालिनी देवी, पत्नी रिंकी भुइयां सरमा, बेटे नंदिल बिस्वा सरमा और बेटी सुकन्या सरमा भी मौजूद थीं।

57 वर्षीय सरमा राज्य के पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता हैं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री का पद संभाला है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में, के नेतृत्व वाले ह्ष्ठ ने भारी दो-तिहाई बहुमत के साथ असम में सत्ता बरकरार रखी। 126 सदस्यों वाले सदन में ने 82 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगी दलों - असम गण परिषद (त्रक्र) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट - ने 10-10 सीटें हासिल कीं।

असम में एनडीए की हैट्रिक

यह शपथ ग्रहण समारोह राज्य में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन का प्रतीक है। गठबंधन पहली बार 2016 में सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सत्ता में आया था। हालिया विधानसभा चुनावों में एनडीए ने 126 सदस्यीय सदन में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया।

लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद सरमा के सामने असम को पूर्वोत्तर का प्रमुख आर्थिक केंद्र बनाने और शांति व्यवस्था को और मजबूत करने की चुनौती होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में असम विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुंगवानी में 1835 करोड़ रुपये से अधिक राशि का करेंगे अंतरण

### 1.25 करोड़ बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मिलेगी 36वीं किश्त

भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 13 मई को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान का आधार बन चुकी है। नियमित आर्थिक सहायता से महिलाओं की परिवार के निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है, पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार हुआ है और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।



करोड़ों महिलाओं के जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने मध्यप्रदेश में महिला कल्याण के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित की है। यह केवल आर्थिक सहायता योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन गई है। योजना से प्रदेश की महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकरात्मक परिवर्तन आए है। नियमित आर्थिक सहायता ने महिलाओं को घरेलू खर्चों के प्रबंधन ने अधिक आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक प्रभावी ढंग से खर्च कर पा रही है। योजना से प्राप्त राशि ने अनेक महिलाओं को स्व-सहायता समूहों, लघु उद्योगों और स्व-रोजगार गतिविधियों से जुड़ने के लिये प्रेरित किया है। इससे उनकी आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित हुए है। आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ महिलाओं के परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है और उनकी राय को अधिक महत्व मिलने लगा है। बैंक खातों में सीधे राशि अंतरण की व्यवस्था ने महिलाओं को औपचारिक बैंकिग और वित्तीय सेवाओं से जोड़ा है। इससे बहनों में वित्तीय साक्षरता और आर्थिक आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

## केरल सीएम पर फंसा पेंच, सोनिया गांधी के दखल के बाद कांग्रेस नेताओं को दिल्ली तलब किया गया



नई दिल्ली-(आरएनएस)। केरल विधानसभा चुनाव में यूडीएफ की शानदार जीत के एक सप्ताह बाद भी अगले केरल मुख्यमंत्री के चयन को लेकर गतिरोध जारी रहने के मद्देनजर, कांग्रेस उच्च कमान ने केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पूर्व अध्यक्षों को मंगलवार को विस्तृत चर्चा के लिए नई दिल्ली बुलाया है। उच्च कमान ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ और कार्यकारी अध्यक्ष ए पी अनिल कुमार, पी सी विष्णुनाध और शफी परम्बिल को भी आगे की चर्चा के लिए दिल्ली में उपस्थित रहने को कहा है। मुख्यमंत्री पद के तीनों दावेदारों - के.सी. वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला और वी.डी. सतीशान - ने इन बैठकों पर अपनी उम्मीदें टिका रखी हैं। यह कदम पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा गतिरोध को सुलझाने के लिए पूर्व केपीसीसी अध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा का समर्थन करने के बाद उठाया गया है। हालांकि, ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि यह कदम इस आलोचना को रोकने के लिए है कि सभी हितधारकों को विश्वास में नहीं लिया गया।

## दुर्ग जिले के बेलौदी गांव में उल्टी-दस्त का प्रकोप, 50 से अधिक लोग प्रभावित, 21 अस्पताल में भर्ती, दो दिनों से लगातार मिल रहे

पाटन। दुर्ग जिले के ग्राम बेलौदी (पाटन ब्लॉक) में दो दिनों से उल्टी दस्त की शिकायतें सामने आ रही हैं। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर जांच की। विभाग के अनुसार 50 से अधिक लोग प्रभावित हैं।

इनमें से 12 प्रभावितों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन, चार प्रभावितों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ाडीह में भर्ती कराया गया है। वहीं तीन प्रभावित सेलूद एवं दो लोग रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती हैं। सभी प्रभावितों की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाया है।बेलौदी में उल्टी दस्त के प्रभावितों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम को रविवार को शिकायत मिली थी।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी मदन महल धीरज राज ने बताया कि विश्वसनीय मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि नरसिंह मंदिर के पीछे कुछ लोग सट्टा पट्टी लिखकर अबैध लाभ अर्जित कर रहे है सूचना पर मुखविर के बताये स्थान पर दविश दी जहां दो व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखते तथा 07 व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखवाते हुये दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सट्टा पट्टी लिखने वाले व्यक्ति ने अपना नाम 1. निलेश कोरी उम्र 32 साल निवासी साई मंदिर के पीछे नर्मदा नगर थाना ग्वारीघाट 2. दयाराम लोधी उम्र 69 साल निवासी शारदा टाकीज के सामने लोधी मोहल्ला थाना गोरखपुर

# नहाने गए दो युवक डूबे, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** गोसलपुर थाना क्षेत्र स्थित रामसागर तालाब में सोमवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। तालाब में नहाने गए दो युवक डूब गए। मंगलवार सुबह रेस्क्यू टीम ने एक युवक का शव बरामद कर लिया, जबकि दूसरे युवक की तलाश अभी भी जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

**नहाने गए थे तीन दोस्तशहर और स्थानीय मार्गदर्शिका**

जानकारी के मुताबिक गोसलपुर की झुग्गी बस्ती में रहने वाले इरावत, अर्जुन और करण सोमवार शाम रामसागर तालाब में नहाने पहुंचे थे। काफी देर तक नहाने के दौरान अचानक 19 वर्षीय इरावत का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया।

**दोस्त को बचाने उतरा अर्जुन भी डूबा**

इरावत को डूबता देख 21 वर्षीय अर्जुन उसे बचाने के लिए तालाब में कूद गया, लेकिन वह भी गहरे पानी और झाड़ियों में फंस गया। देखते ही देखते दोनों युवक पानी में समा गए।

तीसरे युवक ने परिजनों को दी सूचना

घटना के दौरान साथ मौजूद करण घबराकर दौड़ते हुए बस्ती पहुंचा और परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन तालाब पहुंच गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने रात तक दोनों युवकों की तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा।

**सुबह फिर शुरू हुआ रेस्क्यू**

मंगलवार सुबह गोताखोरों और प्रशासन की टीम ने दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुबह करीब 10 बजे अर्जुन का शव तालाब के बीच झाड़ियों में फंसा मिला। वहीं इरावत की तलाश अब भी जारी है।

**प्रशासन और विधायक पहुंचे मौके पर**

घटना की जानकारी मिलते ही सिहोरा तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजम, नायब तहसीलदार जयभान सिंह उइके और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने भी घटनास्थल पहुंचकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और पीड़ित परिवार को सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया।

**तालाब की झाड़ियां बनीं हादसे की वजह**

स्थानीय लोगों का कहना है कि रामसागर तालाब में गहरी चोई और झाड़ियां होने के कारण यहां नहाना खतरनाक माना जाता है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक झाड़ियों में फंसने के कारण बाहर नहीं निकल सके और हादसे का शिकार हो गए।

# बहन के घर का पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंचे साले को जीजा ने मारा चाकू ससुर ने भी तलवार से किया हमला

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर के गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मांडवा रामपुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया हैए जहां बेटी के ससुराल में आपसी विवाद सुलझाने पहुंचे मायके वालों पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति और ससुर सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडवा रामपुर निवासी श्रीमती सिदराग्यास अंसारी ;30 वर्षद्ध का विवाह वर्ष 2017 में आजाद हुसैन के साथ हुआ था। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। सोमवार को सिदराग्यास ने अपनी माँ को फोन कर बताया कि पति आजाद हुसैन पिछले कई दिनों से घर में राशन और सब्जी नहीं ला रहे हैंए जिससे खाने का संकट खड़ा हो गया है।ड़ंचे बेटी की परेशानी सुनकर रात करीब 10.15 बजे उसका भाई आमिर अंसारीए भाभी अमरीन बेगम और माँ नाजरा बेगम कार से ससुराल पहुंचे। जब उन्होंने आजाद हुसैन और उसके परिजनों को समझाने की कोशिश कीए तो आरोपी गाली.गलौज पर उतर आए। विवाद इतना बढ़ा कि ससुर सज्जाद हुसैन घर के अंदर से तलवार जैसा हथियार निकाल लाया और जान से मारने की नीयत से आमिर अंसारी के सिर पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं पति आजाद हुसैन ने भी सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर आमिर के हाथ को जख्मी कर दिया। बीच.बचाव करने उतरीं भाभी और माँ के साथ भी धक्का.मुक्की और बदतमीजी की गई। घटना के दौरान पीड़िता का बड़ा भाई निजामुद्दीन और उसका दोस्त मुकीत खान भी मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया। गंभीर रूप से घायल आमिर अंसारी को तत्काल स्कूटी से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गयाए जहां उनका उपचार जारी है।

# वाहन चोर गिरफ्तार, गढ़ा फाटक और ओमती क्षेत्र में की थी चोरी, लार्डगंज पुलिस को मिली सफलता



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना लार्डगंज पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई 2 दुपहिया वाहन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का नाम गौरव उर्फ राज है, जो गोहलपुर थाना क्षेत्र के बधायां मोहल्ला हरिजन बस्ती का निवासी बताया गया है।

थाना प्रभारी नवल आर्य ने बताया कि रानीताल क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक एक्सिस वाहन से आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा, जिस पर संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और गढ़ा फाटक के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गौरव उर्फ राज बताया।

जब पुलिस ने एक्सिस वाहन के दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। संदेह के आधार पर उसे थाना लाकर सघन पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने करीब 17-18 दिन पहले गढ़ा फाटक क्षेत्र से एक्सिस स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही करीब ढाई माह पहले ओमती थाना क्षेत्र स्थित कार्तिक होटल के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी करने की बात भी कबूली।

पुलिस जांच में लार्डगंज थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 316/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत एक्सिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक्सिस क्रमांक स्क्क 21 स्रू 6488 जब्त की गई। वहीं आरोपी की निशानदेही पर ओमती क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्क 20 ह्रश्व 4397 भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 35(1)(ड) बीएनएसएस एवं 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

इन पुलिसकर्मियों की रही सराहनीय भूमिका

वाहन चोर की गिरफ्तारी और चोरी के वाहन बरामद करने की कार्रवाई में उप निरीक्षक आर.एस. एलाड़ी, आरक्षक कुंदन और आदर्श की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ममत्व संस्था ने किया 51 मातृ शक्तियों का सम्मान



जबलपुर। मदर्स डे के अवसर पर ममत्व सेवा संस्था द्वारा आयोजित मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम दत्त मंदिर स्थित अनुसूया हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्कारधानी की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली मातृ शक्तियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रजापति ब्रह्माकुमारी की संचालिका भावना बहन रही। इसके पश्चात माँ के त्याग, ममता और समर्पण पर आधारित गीत, भजन एवं भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत माँ विषयक गीतों एवं लोरियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण उत्पन्न किया।

कला साधकों ने अपने गीतों के माध्यम से माँ के प्रति प्रेम, सम्मान एवं संवेदनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ का स्थान सर्वोच्च है तथा हमारे यहाँ प्रत्येक दिन मातृ सम्मान को समर्पित माना जाता है। वर्तमान समय में इस प्रकार के आयोजन समाज में पारिवारिक मूल्यों एवं संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में संस्कारधानी की श्रीमती माया इंदु तिवारी, स्वाति गोडबोले, सुषमा जैन, डॉक्टर कावेरी शॉ, गीता शरद तिवारी, रश्मि पाठक, सोनल तिवारी, जागृति शुक्ला, मेघना सिंह, कविता रिछारिया, शिल्पा तम्हाने, सिद्धेश्वरी सराफ, उर्मिला रावत एवं अन्य 51 मातृ शक्तियों का सम्मान मान पत्र, मोतियों की माला एवं पटका से किया गया। वहीँ गीतों की श्रंखला में तू कितनी अच्छी है, ये तो सच है कि भगवान है, चंदा ओ चंदा,ले लो दुआएं मां बाप की, उसको नहीं देखा हमने कभी जैसे मन भावन गीतों से सभागार भाव विभोर हो उठा हर एक व्यक्ति की आँखों में आंसू छलक पड़े ।

ममत्व सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी समाजहित एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले आयोजनों का क्रम निरंतर जारी रखेगी।कार्यक्रम में राजेश पाठक, डॉक्टर गोपाल रावत,के के शुक्ला, महेश स्थापक, आनंद शुक्ला, हरिओम हजारी, अरुण मिश्रा, अभिमन्यु जैन, सुरेश विचित्र मिश्र एवं अन्य प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, कलाकार, शिक्षाविद् एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिल्पा तम्हाने, राजेश पाठक एवं आभार दीपक पचौरी ने व्यक्त किया।

# एक्टिवा सवार बदमाशों का आतंक, कॉलोनी में देसी बम फेंके पत्थरबाजी कर मचाई दहशत

जबलपुर। शहर में एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने देर रात कॉलोनी में घुसकर दहशत फैला दी। रांझी थाना क्षेत्र के न्यू शोभापुर भड़पुरा इलाके में नकाबपोश युवकों ने फिल्मी अंदाज में देसी बम फेंकते हुए पत्थरबाजी की और कई वाहनों में जमकर तोड़फोड़ कर दी। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार तीन युवक एक्टिवा वाहन में सवार होकर देर रात कॉलोनी में पहुंचे थे। उनके चेहरे कपड़े से ढंके हुए थे। बदमाश अपने साथ देसी बम और पत्थर लेकर आए थे। उन्होंने आदित्य सिंह और अक्षय सिंह के घरों को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ बम फेंके और पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। अचानक हुए धमाकों और पत्थरबाजी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कई घरों के बाहर खड़े वाहनों के कांच टूट गए और आसपास के लोग डर के कारण अपने घरों में दुबक गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना इतनी तेजी से हुई कि लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही बदमाश इलाके में आतंक मचाकर फरार हो गए। तेज धमाकों की आवाज सुनकर जब स्थानीय लोग बाहर निकले तो उन्होंने तीन युवकों को एक्टिवा पर भागते हुए देखा। इसके बाद तत्काल रांझी थाना पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके से फटे हुए देसी बमों के अवशेष मिले हैं। साथ ही कई वाहनों में तोड़फोड़ के निशान भी पाए गए। पत्थर लगने से कारों और अन्य वाहनों के कांच पूरी तरह चकनाचूर हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी लगातार घरों और वाहनों पर बम और पत्थर फेंकते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस संदिग्ध युवकों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि घटना न्यू शोभापुर इलाके की है। प्रारंभिक जांच में देसी बम फेंकने और पत्थरबाजी की पुष्टि हुई है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बमबाजी, तोड़फोड़ और शांति भंग करने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और इलाके के संदिग्ध युवकों से पूछताछ भी की जा रही है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में इस तरह खुलेआम बमबाजी होना बेहद चिंता की बात है। लोगों ने इलाके में पुलिस गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे बदमाशों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

**लोककर्म विभाग** — **निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलितखत के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_ UAD 507051_1 PRO- 169 12.05.2026 | रांझी संभाग के अन्तर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में सिटी प्रोफाइल अनुसार सी.टी.पी.टी. ट्रासपोर्ट हाब, ट्रासपोर्ट स्टेशन, अफिस आर.आर. सेन्टर, व्यावसायिक क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र, सेल्फी पॉइट गार्डन वाटर बॉडी आदि के मरम्मत कार्य एवं अन्य निर्माण कार्य। | 3 माह<br>8.48 लाख | 2000/-<br>8480/- | 29.06.2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 28 2026-2027 दिनांक 06/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती जुबेदा बी, पति- शेख वहीद, 2. शेख इरफान, पिता- शेख वहीद** भवन क्रं. 1064, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360309 जलकर पिन नं. ..... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री शेख वहीद, पिता- शेख रहमान,, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित भूतल 1150 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 900 व.फु. , **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 27 2026-2027 दिनांक 05/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री सुजात अली, पिता- श्री इम्तियाज अली**, भवन क्रं. 2676/ 4 ए, खसरा नं. 129/1/2 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365153 जलकर पिन नं. ..... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री शाहखावर खान एवं शाहफैजल खान दोनों के पिता श्री छोटे खान, **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 8289 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1400 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 22 2026-2027 दिनांक 05/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री सैय्यद एजाज अली, पिता श्री इम्तियाज अली** , भवन क्रं. 2676/ 4 ए, खसरा नं. 129/1/2 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365153 जलकर पिन नं. ..... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री शाहखावर खान एवं शाहफैजल खान दोनों के पिता श्री छोटे खान, **वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 8289 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1423 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2026-27/ एम 71/ दिनांक 12.05.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेन्द्र कुमार चौधरी, पिता स्व. श्री सुखलाल चौधरी,** संपत्ति पिन नं. 1000488730, खसरा नं. 49/1, 50/1 का हिस्सा, **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** प्रथमतल 160 व.फु.,, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम खसरा नं. 49/1, 50/1 का हिस्सा, **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** ,पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री ऐकराम चौधरी, पिता- श्री छोटेलाल चौधरी, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम 50/ 2026-27 दिनांक 12.05.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री राजीव कुमार शर्मा, पिता स्व. श्री ज्ञान चन्द्र शर्मा** ने भवन क्रं. 3285/11 पिन क्र. 1000602661 **वार्ड क्र. 69, वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री ज्ञान चन्द शर्मा, पिता स्व. श्री राम लाल शर्मा, भूतल 360 व.फु., आर.सी.सी., प्रथमतल 360 व.फु., आर.सी.सी., , **वसीयतनामा, शपथपत्र, आधार कार्ड** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम 49/ 2026-27 दिनांक 12.05.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री अभिनाश मुखर्जी, पिता- ध्रुवो मुखर्जी,** ने भवन क्रं.3426/ 37 का भाग पिन क्र. 1000698348 **वार्ड क्र. 63, वार्ड शहीद भगत सिंह वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्रीमती हेना मुखर्जी, क्षेत्रफल भूमि 570 व.फु. , **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम 48/ 2026-27 दिनांक 12.05.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री नंद लाल यादव, पिता स्व. श्री श्याम लाल यादव** ने भवन क्रं.2767-2769 पिन क्र. 1000371981 **वार्ड क्र. 68, वार्ड गोकलपुर वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री सीताराम, पिता- भैरो मुकंद, भूतल 480 व.फु. सी.सी. , **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम 51/ 2026-27 दिनांक 12.05.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **काबिज श्री उदीप सिंह, पिता श्री हरजिंदर सिंह** ने भवन क्रं.मदर टेरेसा स्कूल के सामने पिन क्र. 9000218487 **वार्ड क्र. 70, वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी काबिज श्री मंगल यादव, पिता- नीलकंठ यादव, भूतल 400 व.फु. सी.सी. , **नजूल विक्रय पत्र, नोटराइज विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में, राज्य सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान का उद्देश्य, योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना तथा स्वस्थ एवं निरोग समाज का निर्माण करना है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के सफल आयोजन एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोगअभियान के अंतर्गत आयोजित प्रदेशव्यापी योग प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का वर्चुअली शुभारंभ कर कही।

**वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिये 101 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित- दस्यु उन्मूलन, नक्सल विरोधी अभियानों, साम्प्रदायिक सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाये रखने में योगदान देने वालों को किया गया पुरस्कृत**

# प्रदेश पुलिस ने अटूट साहस और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर बनाई विशेष पहचान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने अटूट साहस और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। पुलिस सुशासन के मार्ग पर चलने में सरकार का अहम हिस्सा है। राज्य की शांति और सुरक्षा व्यवस्था देशभक्ति और जनसेवा में समर्पित पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित कर मैं स्वयं गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। यह पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की दक्षता, योग्यता और क्षमता का ही परिणाम है कि उन्हें के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस ने जिस प्रकार से धाक और साख बनाई है वह निश्चित ही प्रशंसनीय है। पुलिस विभाग में जो भी नवाचार किया जाना है, राज्य सरकार का पूर्ण सहयोग उसके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए असधारण कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के लिए रवीन्द्र भवन में आयोजित के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित थे।

**पुलिसकर्मियों को उनके जिले में आवास उपलब्ध कराये जायेंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 2 वर्ष के पुरस्कार एक साथ दिये जा रहे है। कर्तव्यनिष्ठा और असाधारण कार्य के लिए प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने वाले यह पुरस्कार आगामी वर्षों में प्रति वर्ष प्रदान किये जायें। यह सुनिश्चित किया जाये कि पुरस्कार वितरण में भविष्य में विलंब न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों की राशि बढ़ाने को मंजूरी दी गई है।

पुलिस महानिदेशक (डीजी) स्तर पर पहले 25 हजार रूपये तक के पुरस्कार दिए जाते थे, जिसे अब बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दिया गया है, जिससे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का और अधिक उत्साहवर्धन हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों को उनके जिले में पात्रता अनुसार आवास उपलब्ध कराने के लिए हाउसिंग बोर्ड एवं संबंधित प्राधिकरणों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहते हैं, इसलिए उनके कल्याण का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिसकर्मियों की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके समर्पण के लिये मेरे मन में विशेष स्नेह और सम्मान का भाव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस सेवा में भर्ती प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवा पुलिस बल से जुड़कर जन-कल्याण, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपनी भूमिका निभा सकें। वर्ष 2026 की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होते ही अगले वर्ष की भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला बल में पुलिस बैंड के लिये भी भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सली उन्मूलन का संकल्प लिया था। हमने वह लक्ष्य डेडलाइन से पहले ही पूरा कर लिया। पुलिस का प्रत्येक जवान इसकी बधाई का पात्र है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की इच्छाशक्ति के बलबूते पर ही देश नक्सली समस्या से मुक्त हो पाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश नया दौर देख रहा है और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह के प्रयासों से हम देश में सकारात्मक बदलाव का अनुभव कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी पद्मविभूषण के.एफ. रुस्तमजी का स्मरण करते हुए कहा कि वे पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणा पुंज रहेंगे। प्रदेश में चम्बल के बीहड़ों से डाकुओं के गिरोहों का सफाया कर जनता को भयमुक्त करने का अभूतपूर्व कार्य किया। उन्होंने हर चुनौती का बखूबी सामना किया। रुस्तमजी के मार्गदर्शन में ही सीमा सुरक्षा बल की नींव रखी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की सुरक्षा में प्राण प्रण से जुटे 101 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए के.एफ रुस्तम पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। यह पुरस्कार उन वीरों को मिल रहे है, जिन्होंने दस्यु उन्मूलन, नक्सल विरोधी अभियानों और साम्प्रदायिक सदभाव बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में सायबर क्राइम के रूप में अपराध का एक नया चेहरा हमारे सामने है, जिसमें अपराधी सॉफ्टवेयर से हमला कर रहे है। सायबर क्राइम की इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें बौद्धिक और तकनीकी श्रेष्ठता की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश पुलिस अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए, दृढ़ इच्छा शक्ति और संकल्प के आधार पर साइबर क्राइम की चुनौती से भी प्रभावी तौर पर निपटेगी और अपनी प्रतिष्ठा को बनाये रखेगी।

**परम विशिष्ट-अतिविशिष्ट तथा विशिष्ट श्रेणी में दिये गये पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रुस्तमजी पुरस्कार के अंतर्गत परम विशिष्ट श्रेणी में सम्मानित अधिकारियों को सम्मान स्वरूप 5-5 लाख रुपये अथवा रिवॉल्वर/गन तथा अतिविशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत2-2 लाख रुपये अथवा रिवॉल्वर/गन प्रदान की जा रही है। विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत 50 हजार रुपये और प्रमाण-पत्र प्रदान किये जा रहे है।

**वर्तमान समय में कम्युनिटी पुलिसिंग निभा रही है अहम भूमिका**

पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने कहा कि के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2013 में की गई थी। अब तक 418 पुलिस अधिकारियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। दस्यु उन्मूलन, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण सहित अन्य कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है।

**फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी हो रही है लगातार मजबूत - फ्रांस राजदूत मथाउ**

# मध्यप्रदेश और फ्रांस का सहयोग औद्योगिक विकास, नवाचार और वैश्विक निवेश के नए अवसर तैयार करेगा -मंत्री काश्यप

भोपाल (आरएनएस)-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश आज शांति, स्थिरता और औद्योगिक संभावनाओं का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप निवेशक-अनुकूल नीतियां विकसित की हैं, जिससे उद्योगों के लिए भरोसेमंद और सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश के हृदय स्थल पर स्थित होने के कारण भारत के प्रमुख बाजारों तक सहज और संतुलित पहुंच प्रदान करता है, जिससे लॉजिस्टिक्स और सप्लाई नेटवर्क अत्यंत सुगम एवं किफायती बनता है। मंत्री श्री काश्यप ने यह बात कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में इंडो-फ्रेंच



कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कही।

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि स्पेस टेक्नोलॉजी, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश तेजी से नई संभावनाएं विकसित कर रहा है। सिंचाई क्षमता में हुए विस्तार से कृषि आधारित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को विशेष गति मिली है। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि कारोबार सुगमता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने देश में महत्वपूर्ण पहचान बनाई है तथा निवेशकों के लिए पारदर्शी और उद्योग समर्थक वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस सहित यूरोपीय देशों के साथ मध्यप्रदेश की औद्योगिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है और ऐसे आयोजन वैश्विक निवेश, तकनीकी सहयोग और नवाचार को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश और फ्रांस के बीच यह सहयोग आने वाले समय में और अधिक सशक्त होगा तथा यह साझेदारी औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति के नए अवसर तैयार करेगी।

**फ्रासं और भारत के बीच दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी हो रही है मजबूत = फ्रांस के राजदूत श्री मथाउ**

भारत में फ्रांस के राजदूत श्री थिएरी मथाउ ने कहा कि इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव भारत और फ्रांस के बीच मजबूत होते आर्थिक एवं रणनीतिक संबंधों का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेश समर्थक वातावरण के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए नई संभावनाएं निर्मित की हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक एवं भरोसेमंद साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है तथा दोनों देश आर्थिक सहयोग, नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में 700 से अधिक फ्रांसीसी कंपनियां कार्यरत हैं, जो रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

# प्रधानमंत्री के आहवान पर लग्जरी कार छोड़ इलेक्ट्रिक स्कूटी से मंत्रालय पहुंचे ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल -(आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डीजल , पेट्रोल की बचत करने के लिए वाहनों के कम से कम उपयोग के देशव्यापी आव्हान का असर अब मध्यप्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। प्रधानमंत्री के आहवान के बाद ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को इस पर अमल शुरू कर दिया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर भोपाल में इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन से न केवल सड़कों पर घूमते नजर आए, बल्कि भोपाल स्थित अपने शासकीय बंगले सी-18 शिवाजी नगर से मंत्रालय भी इसी वाहन से पहुंचे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि वह प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हैं और उनकी अपील का अनुसरण करते हुए इसका पालन कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह सभी से अपील करेंगे कि वह भी पेट्रोल डीजल का कम से कम इस्तेमाल करें और अत्याधिक आवश्यकता होने पर ही डीजल-पेट्रोल वाहनों का उपयोग करें।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि इससे विदेशों पर हमारी निर्भरता कम होगी और पर्यावरण भी



सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि अपनी विधानसभा में भ्रमण के दौरान भी वह इलैक्ट्रिक दोपहिया वाहन का ही इस्तेमाल करेंगे।

# बरगी बांध प्रभावित 12 ग्रामों के समुदाय प्रतिनिधियों का क्षमता वर्धन एवं ओरिएंटेशन प्रशिक्षण आयोजित



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। सच्चा प्रयास समिति बरगी नगर द्वारा बरगी बांध परियोजना से विस्थापित एवं प्रभावित 12 ग्रामों के समुदाय के लोगों, युवाओं, महिलाओं, पुरुषों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के लिए समिति कार्यालय बरगी नगर में एक दिवसीय ओरिएंटेशन सह क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय विस्थापन, पुनर्वास प्रावधान एवं लंबित मुद्दों से संबंधित समस्याओं पर ओरिएंटेशन एवं क्षमता वर्धन रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बरगी बांध परियोजना से प्रभावित समुदायों को विस्थापन एवं पुनर्वास से जुड़े अधिकारों, प्रावधानों तथा वर्षों से लंबित समस्याओं के प्रति जागरूक करना एवं समुदाय की नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाना रहा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पुनर्वास संबंधी प्रावधान, मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं, आजीविका, जल-जंगल-जमीन भूमि वापसी से जुड़े मुद्दे तथा समुदाय की सहभागिता पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री श्यामलाल तिवारी एवं श्री अनवर खान उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि विस्थापित एवं प्रभावित परिवारों के अधिकारों की रक्षा के लिए समुदाय का संगठित एवं जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं एवं महिलाओं की भूमिका को सामाजिक परिवर्तन और अधिकार प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं एवं लंबित मुद्दों पर चर्चा की गई तथा सामूहिक प्रयासों के माध्यम से समाधान की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और समुदाय हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम संस्था प्रमुख परवेज खान के मार्गदर्शन एवं संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बरगी बांध प्रभावित क्षेत्र के 12 ग्रामों से आए बड़ी संख्या में समुदाय प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर रोशनी सैनी, रश्मि टेकाम,शिवानी मरावी, संजय मरावी, टप्पू लाल परस्ते, रूपचंद यादव, राजकुमार यादव, धुरान सिंह, मालती रजक, क्रांति लोधी, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अमित भटनागर की रिहाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**।मध्यप्रदेश की केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवार विगत दो माह से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। प्रभावित परिवार अपनी जल, जंगल, जमीन, पुनर्वास, मुआवजा एवं आजीविका से जुड़े अधिकारों की मांग कर रहे हैं। जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर द्वारा प्रस्तावित 'न्याय अधिकार यात्रा' को प्रारंभ होने से पहले ही उनकी गिरफ्तारी किया जाना आंदोलन को कुचलने का प्रयास सिद्ध करता है।

यह कृत्य दर्शाता है कि सरकार जनता के सवालों और लोकतांत्रिक आवाजों से भयभीत है।मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन एवं बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ ने मांग किया है कि अमित भटनागर को तत्काल एवं बिना शर्त रिहा किया जाए तथा आंदोलनरत प्रभावित परिवारों की सभी संवैधानिक एवं न्यायोचित मांगों को शीघ्र पूरा किया जाए। केन -बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित सभी परिवारों का पारदर्शी सर्वे कराया जाए।प्रभावितों को भूमि के बदले भूमि, उचित मुआवजा एवं स्थायी पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। आदिवासी



समुदायों के वनाधिकार एवं संवैधानिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण किया जाए।प्रभावित ग्रामों की ग्राम सभाओं की सहमति के बिना किसी भी प्रकार का विस्थापन न किया जाए। आंदोलनरत ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं पर दर्ज प्रकरण वापस लिए जाएं। मध्यप्रदेश में विकास के नाम पर आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन से जबरन बेदखल करने की प्रक्रिया विकराल रूप लेती जा रही है। अत: आदिवासी हितों की रक्षा हेतु इस प्रकार की दमनात्मक कार्रवाइयों को तत्काल रोका जाए, अन्यथा यह स्थिति आदिवासी क्षेत्रों में व्यापक एवं उग्र आंदोलन का रूप ले सकती है। ज्ञापन जबलपुर कलेक्ट्रेट में पदस्थ तहसीलदार राजेश मिश्रा को सोंपा गया।ज्ञापन देते समय राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के विवेक अवस्थी, बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा, बरगी के पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, कमला प्रसाद पटेल, मुकेश सोनी, सरमन रजक, उमा उईके, योगेश पिल्लई,अतुल विश्वकर्मा, विजय साहू, अनिल पाण्डेय, ए. के प्रशांत चौरसिया, गिरजा शंकर केवट, अरविंद रैकवार, अतुल बर्मन, रामजी ठाकुर, राजेश सोनकर आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम कमिश्नर को हाकर्स जोन व्यापारी संघ द्वारा ज्ञापन



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। अधारताल हाकर्स जोन व्यापारी संघ के द्वारा आज नगर निगम कमिश्नर को संघ के संरक्षक चमन पासी के नेतृत्व में सर्वश्री मनोज भदोरिया, संघ अध्यक्ष नीरज दुबे, संतोष लोधी, डॉक्टर नीरज शर्मा, पूरनलाल कोरी, बबलू सोनकर ,नरेश सोनकर, सहित अनेकों व्यापारियों ने निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है, कि अधारताल हाकर्स जोन की करोड़ों रुपए की भूमि पर नगर निगम की अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव सब इंजीनियर पवन सिंह ठाकुर सब इंजीनियर आशीष पाटकर पार्षद विमल राय भू माफियाओं से साठ-गांठ करके कब्जा करवाया जा रहा है 9 मई को नगर निगम के अधिकारी पुलिस बल के साथ भू माफिया को कब्जा करवाने के लिए सब्जी बाजार में पहुंचे जिसका लगभग 3 घंटे तक विरोध प्रदर्शन चल अंतत: अधिकारी गण वापस हो गए ज्ञापन में सब्जी बाजार की पार्किंग का फर्श कराने सब्जी बाजार में 21 लख रुपए की लागत से नवनिर्माण कर कराया जा रहा है जिसके अंतर्गत शेड सेट लगाने चबूतरा बनाने जैसे कार्य होना है डेढ़ साल से चल रहे कार्य को ठेकेदार के द्वारा पूरा नहीं किया गया इसलिए ठेकेदार का बिल रोकने तथा ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाए एवं कब्ज करवाने वाले भू माफियाओं एवं अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है

# फेडेरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री प्रदेश के विकास को नई गति देने वाला प्रमुख स्तंभ-मंत्री पटेल

**फेडरेशन ऑफ मप्र चैंबर्स का स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह एवं नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण संपन्न**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। फेडेरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देने वाला प्रमुख स्तंभ है। प्रदेश के स्थानीय और युवा उद्योगपतियों को नई दिशा दी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल निजी होटल में फेडेरेशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन और उद्योगों को दिए जा रहे नीतिगत प्रोत्साहन से प्रदेश के छोटे उद्यमियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में एक नया आत्मविश्वास जागा है, जिससे अब गांव का व्यक्ति भी उद्योग लगाने का साहस जुटा रहा है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप भी समारोह में शामिल हुए और उन्होंने भी संबोधित किया।



मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मजदूर और उद्योगपति के बीच का संबंध हितों के टकराव की जगह आपसी समन्वय का होना चाहिए और इसे वास्तविकता में बदलना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में मंत्री श्री पटेल ने फेडरेशन के प्रतिनिधियों को श्रम संबंधी विभागीय समितियों में सक्रिय भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने %श्री% जैसी पहलों का उल्लेख किया, जो श्रम और उद्योगों के बीच बेहतर तालमेल बिठाकर अनावश्यक प्रशासनिक हस्तक्षेप को कम करने का कार्य कर रही हैं। मंत्री श्री पटेल ने उद्योगों की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्किल मैपिंग पर विशेष बल दिया और उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वे अपने आवश्यक %स्किल लेवल% की पहचान कर विभाग को सूचित करें। सरकार इन जरूरतों के आधार पर स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर कुशल कार्यबल उपलब्ध कराएगी, जिससे उद्योगों को श्रमिकों की कमी का सामना न करना पड़े और स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हो।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश कृषि उत्पादन के उच्चतम स्तर को प्राप्त कर रहा है इसलिए अब हम सभी को %प्रोसेसिंग% (प्रसंस्करण) क्षेत्र पर केंद्रित करना होगा। राज्य की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन के लिए उपयुक्त है। इसके साथ ही, उन्होंने श्रम विभाग में जारी सुधारों की चर्चा करते हुए बताया कि अनावश्यक कानूनों को समाप्त किया जा रहा है और शेष प्रमुख कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन डैशबोर्ड और डिजिटल सिस्टम लागू किए गए हैं जिससे प्रक्रियाएं सिस्टम आधारित और पारदर्शी बनी रहें।

## भाजपा क्षमता अब कमजोर

विपक्ष के एकजुट रहने का संदेश है कि जनमत की प्रतिक्रिया उभार कर निर्णायक दबाव बनाने की भाजपा क्षमता अब कमजोर पड़ रही है। मगर प्रधानमंत्री इससे बेखबर नजर आए। नतीजतन, राजनीतिक गतिरोध अब और बढ़ेगा। अपने 12 साल के कार्यकाल की सबसे बड़ी विधायी पराजय का सामना करने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार आत्म-निरीक्षण करे, तो वह विश्वास, पारदर्शिता, और साफगोई का महत्त्व बेहतर ढंग से समझ सकती है। मकसद परिसीमन था, तो उस पर महिला आरक्षण का मुलम्मा चढ़ाने क्या जरूरत थी? विपक्ष चकमा खा जाएगा या महिला विरोधी ना दिखने की जुगत में लोकसभा सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी को अपना समर्थन दे देगा, ऐसी सोच रखना अपनी बुद्धि पर अत्यधिक यकीन ही माना जाएगा। दांव शायद भी था कि चूंकि उत्तर प्रदेश की लोकसभा सीटें सबसे ज्यादा बढ़ने वाली थीं, इसलिए समाजवादी पार्टी अपनी क्षेत्रीय गणना के तहत विपक्षी खेमे से टूट जाएगी। मगर ऐसी सोच साम-दाम-दंड-भेद के नजरिए को जाहिर करती हैं। अब साफ है कि ऐसे नजरिये के कामयाब होते रहने की समयसीमा होती है। बढ़ी आबादी को देखते हुए लोकसभा की सदस्य संख्या में बढ़ोतरी अतार्किक नहीं है। ना ही सैद्धांतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या आधारित परिसीमन का विरोध किया जा सकता है। मगर मुद्दा वो संदर्भ है, जिसमें ये पहल की गई। भाजपा सरकार के व्यवहार एवं नीतियों से राजनीतिक वर्ग में गहरा अविश्वास पैदा हुआ है। संवाद के मंचों को खत्म करना, राज्यपालों के जरिए गैर-भाजपा सरकारों को परेशान करना, मजहब- भाषा आधारित विभाजक एजेंडे को हवा देना, विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग आदि जैसी अनेक प्रवृत्तियां हैं,

## वैश्विक संकट के बीच सबसे बड़े कूटनीतिक मिशन पर निकल रहे हैं मोदी, विश्व राजनीति में होगा बड़ा उलटफेर

वैश्विक चुनौतियों, बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितताओं और तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बड़े कूटनीतिक मिशन पर निकल रहे हैं। 15 मई से 20 मई तक प्रस्तावित उनकी बहुराष्ट्रीय विदेश यात्रा के दौरान वह संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा करेंगे। यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीति, आर्थिक हितों और सामरिक साझेदारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस दौरान ऊर्जा सहयोग, व्यापार, हरित प्रौद्योगिकी, रक्षा, निवेश, नवाचार और वैश्विक सुरक्षा जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिससे भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका और अधिक मजबूत होने की संभावना है।

इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि भारत अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ केवल व्यापारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को भी विस्तार देना चाहता है। हाल के वर्षों में भारत ने विश्व मंच पर एक भरोसेमंद और संतुलित शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यही कारण है कि यूरोप और पश्चिम एशिया के देश भारत को भविष्य के आर्थिक और सामरिक साझेदार के रूप में देख रहे हैं।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात से करेंगे, जहां वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग, निवेश, डिजिटल भुगतान, रक्षा और भारतीय समुदाय के कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हुई है। संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है तथा बीते पच्चीस वर्षों में भारत में निवेश करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते ने व्यापार को नई गति दी है। ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भी संयुक्त अरब अमीरात भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी है। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा दोनों देशों की सामरिक निकटता को और अधिक मजबूत बना रहा है। वहां रह रहे लाखों भारतीय दोनों देशों के सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों की मजबूत कड़ी हैं।

संयुक्त अरब अमीरात के बाद प्रधानमंत्री नीदरलैंड जाएंगे। यह यात्रा भारत और नीदरलैंड के बीच बढ़ते आर्थिक तथा प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा देगी। प्रधानमंत्री वहां के राजा विलेम अलेक्जेंडर, महारानी माक्सिमा और प्रधानमंत्री रोब येटन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, हरित हाइड्रोजन, जल प्रबंधन, सेमीकंडक्टर और नवाचार जैसे क्षेत्रों में तेजी से सहयोग बढ़ रहा है। नीदरलैंड यूरोप में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत में बड़े निवेशकों में शामिल है। जल प्रबंधन और कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नीदरलैंड की विशेषज्ञता भारत के लिए अत्यंत उपयोगी मानी जाती है। दोनों देश मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थन में भी एक समान दृष्टिकोण रखते हैं।

मोदी की स्वीडन की यात्रा भारत और नॉर्डिक देशों के साथ बढ़ते सहयोग को और मजबूत बनाएगी। प्रधानमंत्री गोथेनबर्ग में स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन से वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार, हरित परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में व्यापक सहयोग की संभावनाएं हैं। हम आपको बता दें कि स्वीडन की अनेक प्रमुख कंपनियां भारत में सक्रिय हैं और दोनों देशों के बीच नवाचार आधारित साझेदारी तेजी से विकसित हो रही है। भारत और स्वीडन लोकतांत्रिक मूल्यों, सतत विकास और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में समान सोच रखते हैं। हरित औद्योगिक परिवर्तन और जलवायु संरक्षण के लिए दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद नॉर्वे जाएंगे, जहां वह तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नॉर्वे की पहली यात्रा होगी और पिछले तैंतालीस वर्षों में भारत से वहां होने वाली पहली प्रधानमंत्री स्तरीय यात्रा भी मानी जा रही है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्तोरे के साथ होने वाली वार्ता में व्यापार, निवेश, हरित प्रौद्योगिकी और समुद्री अर्थव्यवस्था पर विशेष जोर रहेगा। भारत और नार्वे के संबंध समुद्री सहयोग, हरित ऊर्जा और सतत विकास पर आधारित हैं। भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार समझौते के बाद दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई गति मिलने की संभावना है। नॉर्वे का विशाल पेंशन कोष भारतीय पूंजी बाजार में महत्वपूर्ण निवेश कर चुका है। आर्कटिक क्षेत्र, हरित जहाजरानी और समुद्री संसाधनों के प्रबंधन में दोनों देशों का सहयोग भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पक्ष होगा। इसमें नॉर्वे, स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड और आइसलैंड के शीर्ष नेता शामिल होंगे। यह मंच भारत और नॉर्डिक देशों के बीच प्रौद्योगिकी, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, सतत विकास और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई रणनीतिक दिशा देगा।

## जैसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय जनता पार्टी की श्रद्धांजलि

अजय दीक्षित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल जीतकर जैसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दे दी है। 1953 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक स्व गुरु गोलवलकर के कहने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिल्ली में जनसंघ की स्थापना की थी , तत्कालीन समय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिंदू महासभाई थे और उन्होंने कश्मीर के मुद्दे पर नेहरू मंत्री परिषद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि गुरु गोलवलकर भारतीय राजनीति में संघ को नहीं भागीदार बनाना चाहते थे।गुरु गोलवलकर ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दीनदयाल उपाध्याय, सुंदर सिंह भंडारी, लालकृष्ण आडवाणी, बलराज माधोक, और अटल बिहारी वाजपेई को जनसंघ भेज दिया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोलकाता के एक धनाढ्य ब्राह्मण परिवार से थे। कश्मीर आंदोलन में वे नगर गिरफ्तार हो गए तब अटल बिहारी वाजपेई उनके साथ थे ।संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई नगर अस्पताल में। तब से जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी का नारा था कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है । क्योंकि जम्मू कश्मीर को भारतीय संविधान में विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त था उसके मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री और झंडा, पृथक था और यह सब उसे संविधान का अनुच्छेद 370 तहत हासिल था।जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 05 अगस्त 2019 को संसद में बिल पारित कर विलोपित कर दिया है। अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि बंगाल जितने का सपना अधूरा रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी ने 04 मई 2026 को बंगाल विधानसभा चुनाव जीतकर यह सपना भी पूरा कर दिया है। विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पर आयोजित बंगाल विजय सभा में पोस्टर था जहां जन्मे मुखर्जी वह बंगाल हमारा है भारतीय जनता पार्टी के पथम राष्ट्रीय महासचिव दीनदयाल उपाध्याय का सपना रहा कि अंग,बंग, और कलिंग में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो (अंग )बिहार( बंग)बंगाल ( कलिंग) ओडिशा आज सरकार है ।

## प्रधानमंत्री की अपील का जनप्रतिनिधि भी करें पालन



पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालातों ने पूरी दुनिया को गहरे ऊर्जा संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है और इसका सीधा असर भारत सहित दुनिया के अनेक देशों पर पड़ रहा है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में लगातार वृद्धि के चलते खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा के उपयोग की चीजों तक सब कुछ महंगा होता जा रहा है। महंगाई की इस मार ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन कठिन बना दिया है। भारत सरकार पिछले कई महीनों से हालात को नियंत्रित करने और जनता को राहत देने का प्रयास कर रही है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियां लगातार चुनौतीपूर्ण होती जा रही हैं। भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और आज भी यहां बड़ी संख्या में लोग सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं पर निर्भर हैं। देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग अस्सी प्रतिशत तेल और गैस खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में पैदा हुआ संकट भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डालना स्वाभाविक है। देश को गंभीर ऊर्जा संकट से उभारने और विदेशी मुद्रा भंडार को बनाये रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना की धरती से देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने तथा विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील की है। देश का एक बड़ा वर्ग प्रधानमंत्री की बात पर विश्वास करता है और उनकी अपील का पालन करने को भी तैयार है। आम नागरिक ईंधन की बचत और अनावश्यक खर्चों में कटौती के माध्यम से राष्ट्रहित में योगदान देना चाहते हैं। लेकिन अब समय आ गया है कि देश के जनप्रतिनिधि भी जनता के सामने उदाहरण प्रस्तुत करें। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों जैसे संवैधानिक पदों को छोड़ दिया जाए, तो पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक के निर्वाचित और मनोनीत जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों और राजनीतिक दलों के नेताओं को अपने लंबे-चौड़े काफिलों और दिखावटी शक्ति प्रदर्शन पर अंकुश लगाना चाहिए। विडंबना यह है कि आज राजनीति में छोटे से छोटे पदाधिकारी भी दर्जनों महंगी गाड़ियों के काफिले के साथ पदभार ग्रहण करने पहुंचते हैं। कई बार मंत्रियों और नेताओं के काफिले इतने बड़े दिखाई देते हैं कि प्रधानमंत्री का काफिला भी छोटा प्रतीत होता है। वास्तविकता यह है कि नेताओं के दौरों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से अधिक ईंधन की खपत कार्यकर्ताओं और समर्थकों के अनावश्यक वाहनों से होती है। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में सभी राजनीतिक दलों को अपने कार्यक्रमों में वाहनों की संख्या की एक स्पष्ट सीमा तय करनी चाहिए। साथ ही शासन-प्रशासन में भी आवश्यक पदों को छोड़कर सरकारी वाहनों के उपयोग पर नियंत्रण जरूरी है। तभी बड़े पैमाने पर तेल और गैस की वास्तविक बचत संभव हो सकेगी। आज आवश्यकता केवल अपीलों की नहीं, बल्कि अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने की है। यदि आम जनता राष्ट्रहित में त्याग करने को तैयार है, तो राजनीति से जुड़े लोगों को भी दलगत हितों से ऊपर उठकर जिम्मेदारी निभानी होगी। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस कठिन दौर में प्रधानमंत्री की अपील का ईमानदारी से पालन कर जनप्रतिनिधियों को भी देश को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

अरविंद रावल

गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)

## गंगोत्री में दर्शन

अक्षय तृतीया के पर्व से चारधाम यात्रा 2026 की शुरूआत हो चुकी है। इस यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इन दिनों उत्तराखंड की पवित्र धरती पर भक्तों का सैलाब उमड़ चुका है। गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खलते ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में अगर आप भी इस बार चारधाम यात्रा पर जाने का मन बना रही हैं, तो आपको गंगोत्री धाम से जुड़ी यह जानकारी जरूर होनी चाहिए।

बता दें कि इस बार नियम में कुछ बदलाव हुए हैं। खासतौर पर पंचगव्य से जुड़ा नियम इस बार काफी चर्चा में है। ऐसे में बिना पूरी जानकारी के इस यात्रा पर निकलना सही नहीं होगा। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस बार कौन से नए नियम लागू किए गए हैं।

पंचगव्य वाला नियम

बता दें कि गंगोत्री मंदिर की देखरेख करने वाली श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति द्वारा यह फैसला लिया गया है। जिसमें बताया गया है कि मंदिर में प्रवेश करने वाले भक्तों को पंचगव्य लेना होगा। तो आइए जानते हैं कि इसको कैसे लेना है।

## पश्चिम बंगाल: परिवर्तन के साथ पुनर्जागरण

राजनाथ सिंह

हे नूतन, देखा दिक आर-बार, जन्मेरो प्रथम शुभोखोन (हे नवीन, एक बार फिर से सामने आओ, ठीक उसी तरह जैसे जन्म के समय वह पहला शुभ क्षण आया था।)

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की यह पंक्तियाँ केवल एक कविता का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि समय-समय पर स्वत: स्फूर्त और नवीन होने वाली बंगाल की आत्मा का आह्वान भी हैं। गुरुदेव भली-भाँति समझते थे कि बंगाल समय के साथ केवल बदलता नहीं है, बल्कि वह बार-बार बेहतर और नए रूप में पल्लवित होता है। गुरुदेव की जयंती पर गायी जाने वाली यह कविता नवजागरण और नवचेतना की प्रतीक है। यह प्रार्थना पुरानी रूढ़ियों को तोड़कर, नए, उज्ज्वल और रचनात्मक विचारों के स्वागत का आह्वान भी है।

यह एक सुखद संयोग है कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती से कुछ दिन पहले ही, पश्चिम बंगाल कई दशकों के बाद नवजागरण का साक्षी बना है। 4 मई को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह चुनाव कभी सिर्फ एक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं था। यह चुनाव इस महान भूमि के खोए हुए गौरव को पुनर्स्थापित करने का एक अवसर था—एक ऐसा सभ्यतागत आह्वान, जो चुनावी समीकरणों और गणनाओं से कहीं ऊपर है।

आज जब पश्चिम बंगाल की चेतना और गौरव का अरुणोदय हो रहा है, तो हमें इस बात को समझने की आवश्यकता है कि बंगाल क्या है और बंगाल की चेतना का पुनर्जागरण किसे कहा जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है बंगाल की शताब्दियों पुरानी चेतना को समझना और जानना।

बंगाल सामाजिक चेतना का केंद्र होने से पहले ज्ञान और आध्यात्मिकता की पवित्र भूमि थी। 15वीं शताब्दी में नबद्वीप के गंगा तट पर एक युवा संन्यासी निमाई ने अपने कीर्तन के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। उस युवा सन्यासी को आज हम आदि संत चैतन्य महाप्रभु के नाम से जानते हैं। चैतन्य महाप्रभु के द्वारा दिखाया गया भक्ति मार्ग आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता का अभियान भी था। चैतन्य महाप्रभु ने जात-पात और ऊंच-नीच के बंधनों को तोड़ा। उनके द्वारा प्रवाहित वैष्णव परंपरा ने समाज में करुणा, समावेशिता, समता और सद्भावना को बल दिया।

यही चेतना बाउल परंपरा में भी दिखाई दी। बाउल परंपरा के फकीरों की पहचान जाति, धर्म या कोई ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवता की भावना थी। बाउल परंपरा के सबसे महान प्रवर्तक लालन फकीर थे। वे किस संप्रदाय से थे, यह प्रश्न कभी महत्वपूर्ण नहीं रहा।

## 12 ज्योतिर्लिंगों से भी खास है

हिंदू धर्म में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने का विशेष महत्व बताया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल न होने के बाद भी अमरनाथ में स्थापित शिवलिंग के दर्शन का विशेष महत्व होता है। अमरनाथ में भगवान शिव को बाबा बर्फानी के रूप में पूजा जाता है। जोकि आस्था और मोक्ष का अनूठा केंद्र है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बाबा बर्फानी के महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यहां पर मौजूद कबूतरों के रहस्य के बारे में भी जानेंगे।

बाबा बर्फानी 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल न होकर इसलिए भी खास है, क्योंकि यह स्वयंभू हिमलिंग है। जहां पर ज्योतिर्लिंग स्थापित किए जाते हैं, वहीं अमरनाथ गुफा में शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बर्फ की बूंदों से बनता है। यह बूंद गुफा की छत से टपकती है। यह शिवलिंग चंद्रमा की कलाओं के साथ घटता और बढ़ता रहता है। यह शिवलिंग सावन महीने में प्रकट होता है और सावन पूर्णिमा यानी रक्षाबंधन तक रहता है। धार्मिक मत है कि बाबा बर्फानी के दर्शन करने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## वैश्विक संकट के दौर में दूरगामी सोच का परिणाम है प्रधानमंत्री की अपील

वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनोमी पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की और चला जाता है। ऐसा नहीं है कि भारत विदेशी मुद्रा के मामलें में संकट में हो बल्कि वास्तविकता तो यह है कि 10 अप्रेल, 2026 के आंकड़ों की ही बात करें तो भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार आज उच्चतम स्तर पर है। 700 बिलियन अमेरिकी डालर से अधिक का विदेशी मुद्रा भण्डार भारत के पास है। एक मोटे अनमुन के अनुसार आगामी 11 माह से अधिक समय तक आयात मांग की पूर्ति इस राशि से आसानी से हो सकती है। विदेशी मुद्रा भण्डार से एफसीए यानी कि विदेशी मुद्रा संपत्ति, स्वर्ण भण्डार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित राशि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। पर इसके सबके बावजूद भविष्य के संभावित संकट के हालातों से निपटने की आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाती है तो यही दूरदृष्टि कहलाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भविष्य के वैश्विक हालात साफ दिखाई दे रहे हैं। हालातों में सुधार की संभावना निकट भविष्य में दिखाई भी नहीं दे रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केवल एक वर्ष के लिए अनावश्यक खर्चों में कटौती का आग्रह देशवासियों से किया है। इसमें ईंधन बचाना, सोना नहीं खरीदने, विदेशी यात्राओं व विदेशों में शादी नहीं करने, खाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत तक की कटौती व खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक की कटौती करने का सुझाव प्रमुख है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से आग्रह को लेकर आलोचक भले ही मुद्दा बनाने का प्रयास करें पर वैश्विक हालात आज सबके सामने हैं। देशवासियों को मालूम है कि पेट्रोलियम उत्पादों इनमें कच्चे तेल से लेकर गैस आदि आदि शामिल है आदि के लिए आयात पर निर्भरता अधिक है। देश में 979 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना आयात होता है जिसमें से करीब 38 प्रतिशत आयात केवल और केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर ही हो रहा है। सोना-चांदी और इलेक्ट्रोनिक्स के साथ ही फर्टिलाइजरों के मामलें में भी विदेशों पर निर्भरता अधिक है। करीब 10 प्रतिशत राशि सोने के आयात पर खर्च होती है। यदि समग्र रुप से देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के सिकन्दराबाद से देशवासियों से जो आग्रह किया है वह ऐसा नहीं है जो किसी भी तरह से देशवासियों के लिए दुबिधाजनक हो।

वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनोमी पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की और चला जाता है। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध सीज़फायर के आसार अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं तो दूसरी और दोनों ही देशों की हठधर्मिता के कारण हार्मुज जलडमरुमध्य से परिवहन बाधित होने का परिणाम दुनिया के देशों के सामने हैं। दुनिया के देशों को यह समझ लेना होगा कि अमेरिका-ईरान युद्ध केवल दो या तीन देशों के बीच युद्ध तक सीमित ना होकर इसके असर से आज कोई देश दूर दूर तक अछूता नहीं दिखाई दे रहा है। यह दो देशों की अहम् की लड़ाई ना होकर समूची मानवता को प्रभावित करने वाले हालात है। आज दुनिया के देशों की एक दूसरे पर निर्भरता बढ़ी है। बिना किसी अन्य देश के सहयोग के कोई भी देश अपने स्तर पर अपने देशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से आज विश्व विश्व ग्राम में परिवर्तित हो गया है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आज अमेरिका-इजरायल और ईरान संकट का हल निकल भी आता है तब भी वैश्विक हालात सामान्य होने में लंबा समय लग जाएगा। युद्धरत देश यह समझने की कोशिश नहीं कर रहे कि उनके अहम् के चलते दुनिया आज सालों पीछे जा रही है। विकास बाधित हो रहा है, आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही है और हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते ही जा रहे हैं। आज सबको मालूम है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते रास्ता अवरुद्ध होने के कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात प्रभावित हो रहा है। हार्मुज का रास्ता अवरुद्ध है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि ईरान को प्रतिदिन 2800 करोड़ रुपए के कच्चे तेल को समुद्र में बहाना पड़ रहा है। तेल उत्पादक अन्य देश भी संकट के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी लाने, सार्वजनिक परिवहन वाहनों के उपयोग और वाहन पूलिंग का एक साल का सुझाव या आग्रह दूरदृष्टिपूर्ण व देशहित में ही माना जाना चाहिए। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग का बढ़ावा देना भविष्य के पर्यावरण संकट से बचाव और हरित उर्जा को बढ़ावा देने में ही सहायक हो सकेगा। इसी तरह से हमारे देश में सोने के खरीद के प्रति खास मोह रहता आया है पर हालातों को देखते हुए व्यापक राष्ट्रहित में एक साल के लिए सोना नहीं खरीदे तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। इसी तरह से केवल शानों शोकत के लिए विदेशी यात्राएं करने से बचने की सलाह और विदेशों में शादी करने के स्थान पर स्थानीय पर्यटन और देश में ही एक से एक बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशंस पर शादी करने से जहां खर्च कम होगा, देश के डेस्टिनेशनों की वैश्विक पहचान के साथ ही विदेशी पूंजी भी बचेगी। इसी तरह से रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से खेती और खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने से आज देश दो चार हो रहा है। जैविक खाद और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने का आग्रह निश्चित रुप से सकारात्मक ही है। जहां तक मीटिंग्स का प्रश्न है कोविड़ के बाद से सरकारी और गैरसरकारी स्तर पर अधिकांष मीटिंग्स अब हाईब्रीड मोड पर ही होने लगी है। वर्कफ्राम होम को अवश्य प्रोत्साहित किया जा सकता है। लब्बो-लबाब यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो देशवासियों से आग्रह किया है उनमें से एक भी ऐसा आग्रह नहीं है जिससे हमारे दैनिक जीवन चर्या प्रभावित हो रही हो। एक भी ऐसा बिन्दु नहीं है जिससे आमजन प्रभावित हो रहा हो। सीधे सीधे एक साल के लिए अपनी आदत व आवश्यकताओं में जरुरी बदलाव के लिए कहा जा रहा है ताकि वैश्विक संकट का असर देश की अर्थव्यवस्था व देश के आमलोगों को प्रभावित ही ना कर सकें।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में नई खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

वृषभ राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए।

मिथुन राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है।

सिंह राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीत सकता है। परिवार वालों के साथ समय बितायेंगे। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ होगा

कन्या राशि: आज आपका दिन आनंदमय होगा। आज आपको खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करें।

तुला राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। बच्चे आपको शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा।

का दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल करना पड़ेगा।

मकर राशि: आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा, जिससे आपका प्रोजेक्ट हो जायेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी तरह के वाद-विवाद से बचने की



भारतीय विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कई महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत का पक्ष विस्तार से रखा। संवाददाता सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स बैठक, पड़ोसी देशों के साथ संबंध, ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद, अवैध प्रवासन और प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा जैसे विषयों पर भारत की रणनीति और कूटनीतिक प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से सामने आईं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 14 और 15 मई को दिल्ली में आयोजित होगी और इसकी अध्यक्षता भारत करेगा। प्रवक्ता ने कहा कि सदस्य देशों की ओर से कौन प्रतिनिधित्व करेगा,

# प्रधानमंत्री मोदी की अपील से सोने के कारोबारियों में हड़कंप ?

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद आभूषण संघ यानि सोने के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। खबर आई है कि संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों से मिलने की अनुमति मांगी है। उनकी बैठक मंगलवार को हो सकती है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर सामने आया है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को तेलंगाना के हैदराबाद में भाजपा की रैली को संबोधित कर कहा कि आज के समय में विदेशी मुद्रा को बचाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा, सोने की खरीद। इसमें विदेशी मुद्रा बहुत अधिक खर्च होती है। एक जमाना था, जब संकट-युद्ध होने पर लोग देशहित में सोना दान देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है, लेकिन देशहित में हमको तय करना होगा कि एक साल तक कोई भी पारिवारिक कार्यक्रम हो, सोना नहीं खरीदेंगे।

प्रधानमंत्री की अपील के बाद, टाइटन कंपनी और कल्याण ज्वैलर्स के शेयरों में सोमवार को 8 प्रतिशत और सेन्को गोल्ड समेत अन्य आभूषण कंपनियों के शेयरों में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। थंगामयिल ज्वैलरी के शेयरों में भी 5 प्रतिशत की और गिरावट आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया कि सीमा शुल्क विभाग द्वारा सोने पर 3 प्रतिशत एकीकृत जीएसटी मांगने के बाद बैंकों ने सोने की खेप रोक दी है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है। वित्त वर्ष 2026 के दौरान भारत ने औसतन 60 टन प्रति माह सोने का आयात किया था, जिसकी औसत मासिक लागत 6 अरब डॉलर (करीब 57,000 करोड़ रुपये) थी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार किया आह्वान- पेट्रोल-डीजल बचाएं और वर्क फ्रोम होम करें**

वडोदरा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा में एक बार फिर से पेट्रोल-डीजल बचाने पर जोर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों में ऑनलाइन क्लास शुरू करनी चाहिए और कार्यालयों की जगह वर्क फ्रोम होम यानी घर से काम करने को प्राथमिकता दी जाए। 24 घंटे में यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी अपील को दोहराया है। इससे पहले उन्होंने रविवार को हैदराबाद में भी देशवासियों से इसी तरह की अपील की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में दुनिया अस्थिर परिस्थितियों से गुजर रही है। पहले कोरोना संकट, फिर वैश्विक आर्थिक चुनौतियां और अब पश्चिम एशिया संकट।

इन सारी परिस्थितियों का असर लगातार पूरी दुनिया पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में युद्ध से बनी परिस्थितियां इस दशक के बड़े संकटों में से एक है। हमने मिलकर कोरोना का मुकाबला कर लिया तो इस संकट से भी अवश्य पार पा जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक जनसभा में नागरिकों से आग्रह किया कि जहां संभव हो, घर से काम करने को प्राथमिकता दें, एक वर्ष तक सोना न खरीदें, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करके पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें, खाना पकाने के तेल का उपयोग कम करें, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करें और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। उन्होंने लोगों से एक साल तक विदेश यात्रा से बचने का भी आग्रह किया था।

इससे पहले दिन में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल, डीजल, द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस या कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने बाधाओं से निपटने के लिए त्वरित उपाय किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अपील किसी आपूर्ति की कमी के कारण नहीं थी, बल्कि वैश्विक अनिश्चितता में ऊर्जा संरक्षण और आर्थिक बोझ कम करने का प्रयास मात्र है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनज़र ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता पर पड़ने वाले जोखिमों की समीक्षा करने के लिए, मंत्रियों के अंतर-मंत्रालयी समूह की पाँचवीं बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी हावड़ा स्थित नबन्ना में कैबिनेट बैठक के बाद अन्य मंत्रियों के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए ।

## कुर्सी छिनते ही ममता बनर्जी को आई 'पुराने दुश्मनों' की याद, कांग्रेस और लेफ्ट ने ठुकराया ऑफर

कोलकाता,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की सत्ता से 15 साल बाद बेदखल होने के बाद तृणमूल कांग्रेस (ञ्जरूष्ट) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पुराने राजनीतिक दुश्मनों की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है। भारतीय जनता पार्टी (क्च्छ्वक्क) के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा बनाने के लिए ममता ने कांग्रेस और वामदलों (लेफ्ट) को साथ आने का खुला न्योता दिया था। लेकिन, जिस लेफ्ट का किला ढहाकर ममता ने सत्ता का सुख भोगा था, उसी ने अब कांग्रेस के साथ मिलकर उनके इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है और टीएमसी प्रमुख को एक बड़ा झटका दिया है।

कांग्रेस का तीखा तंज- क्या माओवादियों से मिलाएंगी हाथ?

ममता बनर्जी के विपक्षी एकता के आह्वान पर कांग्रेस ने सबसे तीखी और सख्त प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के प्रवक्ता सौम्य आइच राय ने ममता के प्रस्ताव पर हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने कानों पर विश्वास ही नहीं हो रहा है कि ममता ऐसा कह रही हैं। उन्होंने ममता द्वारा 'अति-वामपंथियों' को साथ लाने की बात पर तीखा प्रहार किया। कांग्रेस ने सवाल दागा कि अति-वामपंथियों से उनका क्या मतलब है? क्या ममता बनर्जी उन माओवादियों को साथ लाना चाहती हैं, जिन्होंने 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 18 बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं की बेरहमी से हत्या कर दी थी?

लेफ्ट का भी साफ इनकार, कहा- अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के साथ नहीं जाएंगे

कांग्रेस के बाद वामदलों ने भी ममता बनर्जी के अरमानों पर पानी फेर दिया। सीपीआई (एम) के वरिष्ठ नेता मोहम्मद सलीम ने इस प्रस्ताव को पूरी तरह से ठुकरा दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे ममता बनर्जी के साथ किसी भी सूरत में मंच साझा नहीं करेंगे। वामदलों ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे किसी भी ऐसे व्यक्ति या दल को स्वीकार नहीं करेंगे जो अपराध, जबरन वसूली में लिप्त हो और भ्रष्ट हो। पार्टी ने साफ किया कि वे सिर्फ आम जनता और हाशिए पर खड़े लोगों के साथ ही खड़े रहेंगे, न कि किसी भ्रष्ट तंत्र के साथ।

सत्ता जाते ही बदले सुर, वीडियो जारी कर मांगी थी मदद

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में सुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद शनिवार को ममता बनर्जी ने एक वीडियो संदेश जारी किया था। इसमें उन्होंने बंगाल के सभी विपक्षी दलों, छात्र संगठनों और गैर सरकारी संस्थाओं से भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील की थी। ममता ने कहा था कि राष्ट्रीय दलों के साथ-साथ वामपंथी और अति-वामपंथी दलों को भी दिल्ली और बंगाल में एक साथ आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि बातचीत के लिए उनके दरवाजे खुले हैं क्योंकि उनका सबसे पहला दुश्मन अब भाजपा है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो ममता बनर्जी का यह आह्वान पश्चिम बंगाल की बदली हुई जमीनी हकीकत को बयां करता है। ममता बनर्जी ने अपनी पूरी राजनीति कांग्रेस और वामपंथियों के विरोध की नींव पर ही खड़ी की थी

## बंगाल : कैबिनेट बैठक से पहले पार्टी नेताओं से मिलेंगे सुवेंदु, लॉकेट चटर्जी बोलीं- यह कार्यकर्ताओं के लिए बड़ा दिन

कोलकाता ,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को पहली कैबिनेट बैठक होगी। भाजपा नेता लॉकेट चटर्जी ने बताया कि कैबिनेट बैठक से पहले भाजपा संगठन की मीटिंग होगी, जहां पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के बारे में भाजपा नेता लॉकेट चटर्जी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह बहुत बड़ा दिन है। विपक्ष के नेता से मुख्यमंत्री बनने तक का यह सफर हम सभी के साथ-साथ उनके लिए भी बहुत मुश्किल रहा है। अब यह सपना सच हो गया है और हमारे कार्यकर्ता बहुत खुश हैं। उन्होंने इसके लिए अपने घर, समय और सब कुछ छोड़कर बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज भाजपा की सरकार है। जनता ने हमें आशीर्वाद दिया है। बंगाल सरकार की पहली बैठक आज होगी। उससे पहले भाजपा की एक बैठक होगी, जिसमें सुवेंदु अधिकारी कार्यकर्ताओं की आशीर्वाद लेंगे। पश्चिम बंगाल में पहली कैबिनेट बैठक को लेकर भाजपा के राज्यसभा सांसद राहुल सिन्हा ने कहा, सरकार को ऐसा काम करना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में स्थित सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव के अंतर्गत अनुष्ठान करते हुए ।

## गलती ब्राह्मणों की नहीं' सीजेआई सूर्यकांत के नाम पर वायरल हुआ ये जातिवादी पोस्ट, भड़क गए मुख्य न्यायाधीश

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (ष्टछ्वढ्ढ) सूर्यकांत ने सोशल मीडिया पर उनके नाम से फैलाए जा रहे एक फर्जी और जातिवादी बयान पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मुख्य न्यायाधीश ने इस हरकत को बेहद नीच और शरारतपूर्ण बताते हुए असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने साफ किया है कि देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति के नाम से ऐसा मनगढ़ंत बयान जोड़ना जानबूझकर समाज को भड़काने की एक घिनौनी साजिश है, और ऐसा करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह पूरा विवाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ङ्ग) पर किए गए एक पोस्ट के बाद शुरू हुआ। 'नामक एक अकाउंट से हिंदी में एक बयान पोस्ट किया गया था, जिसे मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का बयान बताकर प्रचारित किया जा रहा था। इस फर्जी पोस्ट में लिखा गया था कि अगर कोई समाज अपने लोगों के बीच से आईएएस, आईपीएस, सीजेआई, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री पैदा करने के बाद भी खुद को शोषित ही मानता है, तो इसमें गलती ब्राह्मणों की नहीं बल्कि उसकी अपनी मानसिकता की है।

## शांत रहने और घबराहट से बचने की राजनाथ सिंह की अपील, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच मंत्रियों की हुई बड़ी बैठक

नईदिल्ली (आरएनएस)। ईरान, अमेरिका और इजरायल युद्ध का असर अब भारत पर दिखने लगा है। इसको लेकर अब भारत सरकार अलर्ट मोड पर है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और जरूरी वस्तुओं की घरेलू उपलब्धता की समीक्षा को लेकर आज मंत्रियों के समूह की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में देश में आवश्यक वस्तुओं और ऊर्जा आपूर्ति पर संभावित जोखिमों का आकलन किया गया।

इस बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सराहनीय काम कर रही है।

राजनाथ सिंह ने कहा, मैं लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने का आग्रह करता हूं, क्योंकि सरकार आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमी या रुकावटों को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा, वैश्विक रुकावटों और चुनौतियों का सामना करने में देश की मदद के लिए लोगों की सामूहिक भागीदारी की पीएम मोदी ने अपील की है। ये आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। यह एक मुश्किल वैश्विक दौर में संरक्षण के बारे में पीएम मोदी का एक व्यापक संदेश है।

## बिहार में विक्रमशिला पुल टूटने के बाद जान हथेली पर लेकर नदी पार कर रहे लोग

पटना (आरएनएस)। बिहार के भागलपुर में विक्रमशिला पुल टूटने के बाद भागलपुर से सीमांचल आने-जाने के लिए लोगों ने नया तरीका खोज लिया है। गंगा नदी को पार करने के लिए लोग छोटी-बड़ी नावों का इस्तेमाल कर रहे हैं और जान हथेली पर लेकर इस पार से उस पार आ-जा रहे हैं। इसकी जानकारी जिला प्रशासन को हुई तो उसने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना किराया निर्धारित कर दिया है और सरकारी नावें भी चलाई है।

इस 4.7 किलोमीटर पुल का 25 मीटर हिस्सा टूटने से भागलपुर के नवगछिया अनुमंडल समेत कोसी और सीमांचल के 7 जिलों के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। भागलपुर इलाके का सबसे बड़ा बाजार और इलाज का केंद्र है। यहां रोजाना लाखों लोग आते-जाते हैं। पुल के बाद गंगा नदी में बरारी घाट और महादेवपुर घाट के बीच सरकारी जहाज की 2-2 फेरी और 75 नावें चल रही हैं, जो रोज 12,000 से 15,000 यात्री को नदी पार करा रही है।



श्रीलंका की महिला एवं बाल मामलों की मंत्री सरोजा सावित्री पॉलराज ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले में, बारासात कोर्ट में पुलिसकर्मी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में गिरफ़्तार किए गए संदिग्धों में से एक को ले जा रहे हैं।

## पीएम मोदी की अपील पर अखिलेश यादव ने कहा-जैसे ही चुनाव खत्म हुए, संकट की याद आ गई!

लखनऊ ,(आरएनएस)। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से खाड़ी संकट के बीच पेट्रोल, डीजल और गैस का कम इस्तेमाल करने के साथ-साथ अगले 1 साल के लिए सोना नहीं खरीदने और ङ्खस्न॥ शुरू करने की अपील के बाद अखिलेश यादव केंद्र सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने ङ्ग पर ट्वीट कर लिखा जैसे ही चुनाव खत्म हुए, %संकट% की याद आ गई !असल में, देश के लिए सिर्फ़ एक ही %संकट% है, और उसका नाम है- ।अगर इतनी सारी पाबंदियाँ लगानी ही थीं, तो फिर %पाँच ट्रिलियन डॉलर की जुमला अर्थव्यवस्था% कैसे बनेगी? ऐसा लगता है कि क्च्छ्वक्क सरकार के हाथों से लगाम पूरी तरह से फिसल चुकी है। डॉलर आसमान छू रहा है, और देश का रुपया पाताल की ओर गोता लगा रहा है। अखिलेश ने कहा सोना न खरीदने की अपील जनता से नहीं, बल्कि अपने ही भ्रष्ट लोगों से की जानी चाहिए; क्योंकि जनता वैसे भी 1.5 लाख रुपए तोला सोना नहीं खरीद रही है। ये तो क्च्छ्वक्क के वफ़ादार लोग हैं, जो अपने काले धन को सोने में बदलने में लगे हुए हैं। अगर हमारी बात गलत लग रही है, तो ज़रा %लखनऊ से गोरखपुर% या %अहमदाबाद से गुवाहाटी% तक जाँच करके देख लीजिए। वैसे, ये सारी पाबंदियाँ चुनाव खत्म होने के बाद ही क्यों याद आईं? चुनाव के दौरान क्च्छ्वक्क वालों ने जो हज़ारों चार्टर फ़्लाइट्स ली थीं, क्या वे पानी से उड़ रही थीं? क्या वे होटलों में नहीं रुक रहे थे, या सिलेंडरों की तस्वीरों के साथ खाना बना रहे थे? क्च्छ्वक्क ने अपना चुनावी प्रचार सिर्फ़ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए ही क्यों नहीं किया? क्या ये सारी पाबंदियाँ सिर्फ़ जनता के लिए हैं?

इस तरह की अपील से व्यापार, कारोबार और बाज़ारों में मंदी या महँगाई की आशंकाओं के चलते सिर्फ़ डर, घबराहट, बेचैनी और निराशा ही फैलेगी। सरकार का काम अपने विशाल संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करके हमें आपातकालीन स्थितियों से बाहर निकालना है, न कि डर या अफ़रा-तफ़री फैलाना।

अगर वे सरकार नहीं चला सकते, तो क्च्छ्वक्क वालों को बस अपनी नाकामी मान लेनी चाहिए—देश को बर्बाद न करें। वैसे भी, इन हालात की असली वजह क्च्छ्वक्क सरकार का देश की पारंपरिक %गुटनिरपेक्ष% विदेश नीति से भटक जाना है; वे कुछ खास वजहों और दबावों के चलते कुछ खास गुटों के पीछे भाग रहे हैं।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी मदन महल धीरज राज ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नरसिंह मंदिर के पीछे कुछ लोग सट्टा पट्टी लिखकर अबैध लाभ अर्जित कर रहे है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दविश दी जहां दो व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखते तथा 07 व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखवाते हुये दिखे जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सट्टा पट्टी लिखने वाले व्यक्ति ने अपना नाम 1. निलेश कोरी उम्र 32 साल निवासी साई मंदिर के पीछे नर्मदा नगर थाना ग्वारीघाट 2. दयाराम लोधी उम्र 69 साल निवासी शारदा टाकीज के सामने लोधी मोहल्ला थाना गोरखपुर

# शहर के बाजार क्षेत्रों में सफाई कराने आधी रात सड़कों पर उतरी टीम स्वच्छता, महापौर , कलेक्टर और निगमायुक्त भी डटे रहे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी को स्वच्छता के पहले पायदान पर पहुँचाने के लिए नगर निगम प्रशासन अब एक्शन मोड में नज़र आ रहा है। शहर के बाजार क्षेत्रों को चकाचक करने के उद्देश्य से रात के समय सफाई अभियान चलाया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्न ने किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार भी आधी रात तक रहे।

मशीनों और %स्वच्छता सैनिकों% का अनूठा समन्वय आधी रात को जब शहर सो रहा था, तब मालवीय चौक से कमानिया और उसके आगे पीछे मुख्य बाजार क्षेत्रों में भारी मशीनों और स्वच्छता कर्मियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक संसाधनों का भरपूर उपयोग किया गया जिसमे 4 रोड स्वीपिंग मशीनें सड़कों की धूल को पलक झपकते साफ करने के लिए, 3 टिप्पर और 2 जेड मशीनें जिससे कचरा संग्रहण और नालियों की बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के लिए। 70+ स्वच्छता सैनिक जमीन पर उतरकर चप्पे-चप्पे को चमकाने में जुटे रहे।

**प्रशासनिक अमला रहा मौके पर मौजूद**

इस दौरान निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू, डॉ सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा,स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा और सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव सहित पूरी टीम मैदान में डटी रही।

महापौर जगत बहादुर सिंह %अन्नू% ने इस मौके पर कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। रात के समय सफाई अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि सुबह जब व्यापारी और नागरिक बाजार पहुँचें, तो उन्हें एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिले।

जब नेतृत्व खुद जमीन पर उतरता है, तो टीम का मनोबल दोगुना हो जाता है। रात की यह मुस्तैदी जबलपुर को स्वच्छता रैंकिंग में नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प है।

**समदड़िया होटल इन और समदड़िया मॉल में फीडबैक देने वाले ग्राहकों को मिलेगी बिल में 15 प्रतिशत की महाछूट**

# जनभागीदारी से जबलपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में बनायेंगे नम्बर 1 - निगमायुक्त



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के उद्देश्य से आज निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा आज आयुक्त कार्यालय में समदड़िया इन और समदड़िया मॉल के संचालक अजीत समदड़िया एवं कुबेर समदड़िया से चर्चा की और अनुरोध किया कि शहर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने की दिशा में भागीदारी करें और अधिक से अधिक लोगों से फीडबैक फार्म भरवाएँ। जिसपर श्री समदड़िया ने बताया कि आज से समदड़िया इन और समदड़िया मॉल में जो भी ग्राहक आयेगें और स्वच्छता फीडबैक देगें उन्हें बिल में 15 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा लगातार सभी वर्गो से संवाद किया जा रहा है और शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 में नम्बर 1 बनाने की दिशा में जनभागीदारी करने एवं साकारात्मक फीडबैक देने अपील की जा रही है, जिसके अंतर्गत शहर के सभी वर्गो के लोग आगे आकर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# आउटसोर्स कर्मियों की बेहतर कैरियर प्लानिंग पर ध्यान दें - एमडी सुनील तिवारी





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अधिकारियों से कहा है कि कंपनी मे कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मियों से उनकी योग्यता एवं विशेषज्ञता के अनुरूप कार्य लिया जाए तथा उनकी बेहतर कैरियर प्लानिंग और कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में आयोजित मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने आउटसोर्स कर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि कंपनी में कार्य का बेहतर वातावरण उपलब्ध है, इसलिए कर्मी अपने नियमित कार्य के साथ उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करने का भी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि एमपी ट्रांसको में कार्य कर अनुभव प्राप्त करने वाले अनेक कर्मी देश की अन्य संस्थाओं में भी चयनित हुए हैं।

रोटेशन के आधार पर कार्य करायें *-

प्रबंध संचालक ने अधिकारियों से कहा कि आउटसोर्स कर्मियों को रोटेशन के आधार पर विभिन्न प्रभागों में कार्य करने का अवसर दिया जाए, ताकि उन्हें विविध कार्य प्रणालियों का अनुभव प्राप्त हो सके।

पूर्ण समर्पण से कार्य न करने वाले होंगे स्थानांतरित

बैठक के दौरान उन्होंने एचआर विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में एआई और आधुनिक तकनीकों के उपयोग के साथ बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने वरिष्ठ कर्मचारियों से अपने अनुभव नई पीढ़ी को हस्तांतरित करने की अपील की। साथ ही स्पष्ट किया कि मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण समर्पण से कार्य करें, अन्यथा आवश्यकता अनुसार उन्हें फील्ड में स्थानांतरित किया जा सकता है, जहां कार्मिकों की अधिक आवश्यकता है।

बैठक में मुख्य अभियंता (एचआर) धीरेंद्र सिंह सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





# पाण्डुताल मैदान में नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों को मिल रही खेल के साथ नियमों की जानकारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थि ?त ? पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रि ?केट प्रशि ?क्षण शा ?विर इन दिनों नगर के नवोदित क्रिकेट का आकर्षण का केन्द्र बन गया है। नवोदित क्रिकेट खि ?लाड़ ?यों के उत्साह व उपस्थि ?ति के कारण यह शा ?विर नगर का सबसे विशाल क्रिकेट प्रशा ?क्षण शा ?विर बन गया है। शा ?विर की खास बात यह है कि इसमें प्रशा ?क्षणार्थि ?यों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद की ओर से बैट, गेंद, ग्लब्स, पैड सहित अन्य जरूरी समान उपलब्ध कराये गये हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने मैदान में पहुंच कर क्रि ?केट शा ?विर के प्रशा ?क्षणार्थि ?यों का उत्साह बढ़ाया। पदाधा ?कारियों ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि शा ?विर में नगर के नवोदित क्रिकेट खा ?लाड़ ?ी उत्साह से भाग ले रहे हैं और अनुशासन व समर्पण भावना के साथ मेहनत कर रहे हैं क्रिकेट प्रशा ?क्षण शि ?विर में 8 से 16 वर्ष तक आयु के 130 नवोदित खा ?लाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें बारह लड़कि ?यां भी हैं। इन खा ?लाड़ि ?यों को दो आयु वर्ग में विभक्त कर गहन प्रशा ?क्षण दिया जा रहा है। 8 से 12 वर्ष आयु तक के प्रशा ?क्षणार्थि ?यों को पूर्व स्टेट लेबल अंपायर हेमंत पोतदार, पीके सेन व अमित यादव और 12 से 16 वर्ष तक आयु वर्ग के खा ?लाड़ि ?यों को अनिल शर्मा, कुशलपाल सिंह, इकबाल खान, तरूण विजयकर व विनोद राजपूत प्रशा ?क्षण दे रहे हैं। पाण्डुताल मैदान में प्रशा ?क्षण के लिए चार सीमेंट विकेट में नेट्स लगायी गई हैं। शा ?विर में प्रतिदिन शारीरिक प्रशा ?क्षण के अलावा बल्लेबाजी में ग्रि ?प, स्टांस, बैक लिफ्ट, डा ?फेंस व ड्राइव की बारीकियां समझायी जा रही हैं। गेंदबाजी में प्रशा ?क्षणार्था ?यों को एक्शन, रन-अप, स्वा ?ग व स्पिन गेंदबाजी का प्रशा ?क्षण दिया जा रहा है। क्षेत्ररक्षण में प्रशा ?क्षणार्थि ?यों को कैचिंग व ग्रांउड फील्डा ?ग का प्रशा ?क्षण दिया जा रहा है। शा ?विर के दौरान नवोदित खा ?लाड़ा ?यों को क्रिकेट के नियमों की जानकारी समय-समय पर दी जा रही है। प्रशा ?क्षण शा ?विर का संचालन 31 मई तक होगा।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों को टीम भावना के साथ करें पूर्ण - निगमायुक्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर नगर निगम अब पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने विभाग के समस्त अधिकारियों और टीम के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना और आगामी सर्वेक्षण में जबलपुर को शीर्ष स्थान पर स्थापित करना रहा।

**निगमायुक्त ने अपनी पूरी टीम के सदस्यों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



टीम भावना ही सफलता की कुंजी

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता कोई व्यक्तिगत कार्य नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा कि जब पूरी टीम एक लक्ष्य और टीम भावना के साथ कार्य करेगी, तभी हम शहर की सूरत बदलने में सफल होंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को मैदानी स्तर पर एक-दूसरे के साथ समन्वय बिठाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

कार्य में लापरवाही पर शून्य सहनशीलता स्वच्छता मानकों की गंभीरता को देखते हुए निगमायुक्त ने कड़े निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण से संबंधित किसी भी कार्य में रत्ती भर भी कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य यह सुनिश्चित करें कि वार्ड स्तर पर कचरा संग्रहण और निपटान की प्रक्रिया सुचारू हो। उन्होंने कहा कि सिटी प्रोफाइल और अन्य दस्तावेजीकरण कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। निगमायुक्त ने कहा कि जनभागीदारी को बढ़ाने के लिए नवाचारों पर जोर दिया जाए। निगमायुक्त ने अपनी टीम का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वास जताया कि आप सभी में वह क्षमता है कि शहर को स्वच्छता के उच्चतम शिखर पर ले जा सकें। बैठक में मौजूद टीम के सदस्यों ने भी पूर्ण निष्ठा और ऊर्जा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

# जागरण साहित्य समिति की आँन लाइन काव्य संगोष्ठी संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जागरण साहित्य समिति जबलपुर द्वारा विगत दिवस आँन लाइन संगोष्ठी संपन्न हुई जिसमें कार्यक्रम का सफल संयोजन संचालन डॉ. मुकुल तिवारी एवं सरस्वती वन्दना प्रीति नामदेव भूमिजा द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि प्रतुल श्रीवास्तव, सारस्वत अतिथि यशोवर्धन पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ. एम. एस. सिद्धे एवं मनोज शुक्ल मनोज एवं प्रमुख वक्ता श्री राजेश पाठक प्रवीण थे।स्वागता अध्यक्ष श्री मदन श्रीवास्तव कार्यक्रम अध्यक्ष श्री महेश स्थापक थे। प्रो. शरद नारायण खरे, डॉ. गीता पांडे बेबी, डॉ.मुकुल तिवारी, सुभाष शलभ, आशुतोष तिवारी, कृष्ण कुमार नेमा, सिद्देश्वरी सराफ, संजय जैन मुंबई,कविता नेमा,रेखा नेमा,अनुराधा गर्ग दीप्ति,मदन श्री वास्तव, रेखा नेमा, एड. प्रभा खरे, उर्मिला श्रीवास्तव, आरती श्री वास्तव द्वारा विविध विषयों पर काव्य रचना पाठ किया गया।आभार सुभाष शलभ जी द्वारा दिया गया।

# 13 मई तक शराब दुकान नहीं हटने पर 14 मई से होगा सर्वदलीय आंदोलन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मोहनिया- मानेगांव से जेडीए मार्केट बड़ा पत्थर में स्थानांतरित की गई शराब दुकान का लगातार विरोध किया जा रहा है, तथा क्षेत्रीय जनों में आक्रोश है, जिस स्थान पर शराब दुकान स्थानांतरित कर की गई है,वहां से मां दुर्गा जी, भगवान श्री गणेश जी, संत रविदास गुरु जी का चल समारोह सहित बौद्ध पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाता है, तथा दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापना की जाती है, एवं सामने ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क स्थित है, जहां पर उनकी प्रतिमा लगाया जाना प्रस्तावित है, तथा ऑटो स्टैंड भी है, ऐसी स्थिति में शराब दुकान खोला जाना न्याय संगत नहीं है, विगत दिनों लगातार विरोध प्रदर्शन के बाद शराब ठेकेदार द्वारा 13 मई तक शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने का वादा किया गया था ,यदि दुकान स्थानांतरित नहीं की जाती है, तो 14 मई से सर्वदलीय आंदोलन होगा, कांग्रेस पार्टी के राजेंद्र मिश्रा, रमेश बोहित, राजेश यादव, सौरभ यादव, रविंद्र कुशवाहा, अनिल सोनकर, मनोज लोधी, अमरचंद बावरिया, रितेश तिवारी,बंटी मारुति, राजा राने, टीटू जग्गी,चंदन चौधरी, कमलेश चौधरी, अजय पटेल, मनीष बेन, सतीश चौरसिया, नारायण गुप्ता, सुभाष पटेल, कमलेश सिंह, यतेंद्र सोनी,विनोद राठौर, एडवोकेट गोविंद दास अहिरवार, महेश मिश्रा, राम दुबे, मोहन रजक, दीपक बारस्कर, दुर्गेश कुशवाहा, अनिल मिश्रा, राहुल चौधरी, देवेंद्र लखेडा, सुमित यादव, सुनील सोनी, प्रशांत बागडे,संत कुमार कुशवाहा, सुरेंद्र पटेल, रोहित राजपूत, प्रकाश सिंह चंदेल, आशुतोष ठाकुर, गुरु कुशवाहा, राजू कनौजिया, विजेंद्र तिवारी, अनुराग विश्वकर्मा, सुनील सेन,समाजवादी पार्टी के सत्येंद्र यादव, बहुजन समाज पार्टी के राजमणि साकेत, भारतीय जनता पार्टी के अजय कंडारी एवं अन्य ने चेतावनी दी है, कि वादा अनुसार शराब ठेकेदार उक्त दुकान को स्थानांतरित नहीं किया गया तो क्रमिक अनशन एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा

# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर संभाग में होगा मेगा जॉब फेयर का आयोजन-डॉ. मनोज कुमार सिंह





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एईडीपी पाठ्यक्रम, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं अकादमी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा जबलपुर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक दिनांक 12 मई 2026 को शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागृह में आयोजित की गई। डॉ. मनोज कुमार सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन भोपाल एवं निदेशक, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के मुख्य आतिथ्य तथा अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग, जबलपुर डॉ. पंजाबराव चंदेलकर की अध्यक्षता एवं प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना,

**संभागीय स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न**

जबलपुर संभाग, जबलपुर तथा डॉ. शिखा सक्सेना, प्राचार्य शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर की उपस्थिति में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में समस्त प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं शासकीय अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर संभाग, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के एईडीपी पाठ्यक्रम जिला नोडल अधिकारी एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी अधिकारी, कार्यालय अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग जबलपुर की सहभागिता रही।

समीक्षा बैठक में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की कार्यशालाओं, सेमिनार का आयोजन, स्थानीय संस्थाओं के साथ एमओयू, एईडीपी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा, श्रेष्ठ प्रथाओं (बेस्ट प्रैक्टिसेज) को साझा करना, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जिसमें प्रवेश छात्रों का नामांकन और परामर्श तथा कार्यक्रम का क्रियान्वयन सम्मिलित है एवं अप्रेंटिसशिप अवसरों हेतु स्थानीय उद्योगों का मानचित्रण करना बैठक की कार्यसूची के विषय रहे। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर संभाग में मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। डिडौरी जिले में जनजातीय कला कौशल केंद्र की स्थापना, पोस्ट नेटल केयर पाठ्यक्रम, बॉस से वस्त्र निर्माण, संतरे और उसके छिलकों से सौंदर्य प्रसाधन का निर्माण, फ्री लांसर, आयुध निर्माण, सिंघाडे की प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना जैसे नवाचार एवं रोजगारपरक विषयों के लिए प्रस्ताव रखे गये। एईडीपी पाठ्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं और उद्योगों से एमओयू करके एईडीपी पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों को सीधे इंडस्ट्रीज एवं फर्म से जुडकर कार्य करने और अर्न करने का अवसर मिलेगा।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कोतवाली मे रितिक रजक उम्र 24 साल निवासी राजीव नगर चेरीताल हनुमान मंदिर के बाजू से थाना कोतवाली ने सूचना दी कि वह छोटा फुहारा में पूजन सामग्री की दुकान चलाता है। अपने घर पर था शाम 07/30 बजे उसकी चाची संगीता रजक काम से घर पर आई तो उन्होंने दरवाजा खोलने के लिये पलक रजक को आवाज लगाकर खटखटाया तो दरवाजा नही खुला जोर जोर से आवाज आने लगी तो वह दौड़कर गया चाची से पूछा क्या हो गया तो बोली मैं पलक को दरवाजा खोलने को आवाज लगा रही हूँ



सांसद आशीष दुबे ने पनागर विधानसभा के बरेला मंडल की ग्राम पंचायतों में किया जनसंवाद.

# ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों के अनुरूप होंगे विकास कार्य - आशीष दुबे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने आज पनागर विधानसभा अंतर्गत बरेला मंडल में आयोजित ग्राम पंचायत प्रवास कार्यक्रम के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याएं, सुझाव और विकास संबंधी अपेक्षाएं सुनीं।

सांसद श्री दुबे का प्रवास शारदा मंदिर से प्रारंभ होकर देवरी,बम्हनी,धनपुरी,डूडी, पहाड़ी खेड़ा,उमरिया, बिलगड़ा, पड़वार,परतला और हिनोतिया भोई ग्राम पंचायत में संपन्न हुआ। प्रत्येक ग्राम में ग्रामीणों, किसानों,महिलाओं एवं युवाओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया और स्थानीय आवश्यकताओं से अवगत कराया। इस दौरान ग्राम पंचायत बिलगड़ा एवं हिनोतिया भोई में नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक श्री सुशील इंदु तिवारी जी के साथ किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जो स्नेह और विश्वास दिया है, उसी के बल पर विकास कार्यों को गति मिली है। ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य प्राथमिकता के साथ कराए जाएंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गांव,गरीब, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्राम पंचायत प्रवास कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों और आमजन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सुशील इंदु तिवारी, श्रीमती चंद्रकला गोस्वामी, राजमणि सिंह बघेल, प्रतीक दुबे, अंकुर जैन, मनोज यादव, अर्पित जैन, राहुल बारी, आनंद साहू, चंदन पटेल, सोनू सोनकर, संदीप शुक्ला, संजय पटेल, रामेश्वर साहू, रनेश खरे, नितिन मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## वन्दना विनम्र को मिला राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि ) । बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध संस्थान भोपाल द्वारा दुष्यंत संग्रहालय के राज सदन में आयोजित सत्रहवें वार्षिक उत्सव एवं राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान समारोह में वंदना सोनी विनम्र को राष्ट्रीय स्तर पर शंभूदयाल शुक्ल स्मृति बाल साहित्यकार सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।यह सम्मान वंदना द्वारा सृजित अनेक बाल साहित्यिक कृतियों के लिए दिया गया।सम्मान स्वरूप अलंकरण, प्रतीक,एवं अन्य सामग्रियां कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. कुमकुम गुप्ता मुख्यअतिथि न्यायमूर्ति मनोहर ममतानी, सारस्वत अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा और विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सौरभ प्रकाश के साथ संस्था के पदाधिकारियों ने प्रदान किया। ज्ञातव्य हो कि वन्दना विनम्र एक सक्रिय साहित्यकार और अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों में स्थापित कवियत्री के रूप में जानी जाती हैं। आपकी छब्बीस साहित्यिक कृतियाँ प्रकाशित हैं जिनमें उपन्यास %विडम्बना% के लिए आपको पूर्व में हिंदी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा साहित्य अकादमी पुरस्कार, बहुचर्चित महाकाव्य %अहल्या विषाद% के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भोपाल का प्रतिष्ठित राष्ट्र भाषा सेवा सम्मान प्राप्त हो चुका है।उक्त उपलब्धि पर पाथेय, वर्तिका, मंथनश्री,हिंदी लेखिका संघ, अनेकान्त,जागरण, अंतस, समवेत स्वर, ने आपका अभिनंदन किया।

प्रात: 11 बजे से 01:00 बजे तक सुनवाई में 78 आवेदकों के आवेदनों पर की गयी त्वरित कार्यवाही

## मुख्यालय की जनसुनवाई में 46 और संभागों में प्राप्त हुए 32 आवेदन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय और सभी 16 संभागों में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मुख्यालय में आए 46 आवेदकों से सीधा संवाद किया और आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की। इसी तरह सभी 16 संभागों में संभागीय अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए 32 प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही कर निराकरण कराया।

निगमायुक्त ने बताया कि आज मुख्यालय में 46 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 15 अतिक्रमण विभाग, 3 भवन शाखा, 8 स्वास्थ विभाग, 2 जलप्रदाय, 3 कॉलोनी सेल, 2 संपदा शाखा, 4 शासकीय योजना, 2 होर्डिंग शाखा, 1 स्थापना, 1 निर्वाचन, 1 जन्म मृत्यु , 1 उद्यान विभाग, 1 पी.एम.ए.व्हाय., 2 संभाग क्रमांक 16 से संबंधित है समस्त शिकायतों को संबंधित विभाग में प्रेषित किया गया व कुछ शिकायतों का राजस्व एवं स्वास्थ विभाग द्वारा त्वरित निराकरण किया गया। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 1 से 16 तक में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए जिनका त्वरित निराकरण कराया गया।

जनसुनवाई में अपर आयुक्त देवेंद्र चैहान, विद्यानंद बाजपेई, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, जनसुनवाई प्रभारी सहायक आयुक्त वेद प्रकाश, श्रीमती शिवांगी महाजन, श्रीमती रचयिता अवस्थी, सुश्री अंकिता बर्मन, नवीन लोनारे, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, श्रीमती एकता रघुवंशी, इंद्र कुमार वर्मा, प्रमोद अग्रवाल, सतीश मिश्रा, व समस्त विभागीय प्रमुख व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक ने 5 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट संरक्षा जागरुकता पुरस्कार से किया सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे द्वारा रेल परिचालन में उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और संरक्षा के प्रति असाधारण जागरूकता दिखाने वाले रेलकर्मियों को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में अप्रैल 2026 माह के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे में ड्यूटी के दौरान असाधारण सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देकर संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले 5 रेलकर्मियों को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह द्वारा उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुरस्कृत कर्मचारियों में लोको पायलट (गुड्स)/ एनकेजे/जबलपुर मंडल श्री कमलेश कुमार मौर्य, स्टेशन मास्टर (गोंदवाली)/ नकेजे/जबलपुर मंडल श्री रंजन कुमार, सीनियर ट्रेन मैनेजर (गुड्स) इटारसी/भोपाल मण्डल श्री हिमांशु अग्रवाल, ट्रैकमैन-ढ्ढ (महिदपुर रोड)/ कोटा मण्डल श्री श्याम कुमार मांझी एवं ट्रैकमैन-ढ्ढ (महिदपुर रोड)/ कोटा मण्डल श्री दुपेन्द्र सिंह शामिल हैं।पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में तैनात इन रेलकर्मियों ने विभिन्न रेल खंडों पर गश्त और ड्यूटी के दौरान हॉट एक्सल , गैस रिसाव और रेल फ्रैक्चर जैसी गंभीर तकनीकी खामियों को समय रहते पहचान लिया। इनके द्वारा त्वरित गति से की गई सुरक्षात्मक कार्रवाइयों, जैसे लाल संकेत दिखाकर गाड़ियों को रुकवाना, अधिकारियों को तत्काल सूचित करना और आवश्यक संरक्षा उपाय सुनिश्चित करना, के कारण रेल परिचालन को सुरक्षित बनाए रखने में बड़ी सफलता मिली है।

महाप्रबंधक श्री सिंह ने इन सभी पुरस्कृत कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और उनके द्वारा प्रदर्शित की गई सजगता की प्रशंसा करते हुए कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा ऐसे सजग एवं समर्पित कर्मचारी पूरे ज़ोन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। यह पुरस्कार अन्य रेलकर्मियों को भी अपनी ड्यूटी के दौरान सुरक्षा के प्रति और अधिक सचेत और जागरूक रहने के लिए प्रेरित करेगा।

पश्चिम मध्य रेल सुरक्षित एवं विश्वसनीय रेल संचालन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को आगे भी प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंच कर निगमायुक्त ने छात्र छात्राओं से भरवाया स्वच्छता फीडबैक फार्म- कॉलेज संचालक के साथ छात्र-छात्राओं ने की बढ़चढ़कर भागीदारी

## कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने लिया जबलपुर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने का संकल्प



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार आज स्वच्छता अभियान को गति देने और जन-भागीदारी का जायजा लेने के लिए श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं की ऊर्जा को स्वच्छता से जोड़ते हुए शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भरा स्वच्छता फीडबैक फार्मकॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में निगमायुक्त ने स्वयं छात्र-छात्राओं के बीच जाकर उनसे संवाद किया। उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता फीडबैक फार्म भरकर शहर की सफाई व्यवस्था पर अपनी राय साझा की। यह फीडबैक आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर की रैंकिंग सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। कॉलेज के संचालक और प्रबंधन समिति ने निगमायुक्त का स्वागत किया और छात्रों के साथ मिलकर इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निगमायुक्त ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं गंदगी नहीं करेंगे, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करेंगे।

जबलपुर को नंबर वन बनाने का लक्ष्य इस दौरान नगर निगम की टीम ने कचरा पृथक्करण गीला, सूखा और हानिकारक कचरा और थ्री आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल) के सिद्धांतों के बारे में भी जानकारी दी। कॉलेज प्रबंधन ने नगर निगम के इस प्रयास की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि संस्थान परिसर और आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इस अभियान ने न केवल युवाओं में जिम्मेदारी का भाव जगाया है, बल्कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की दिशा में जबलपुर के लिए दूसरों को भी प्रेरित कर स्वच्छता फीडबैक देने का आश्वासन दिया।

## चार हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनें एक-एक ट्रिप के लिए निरस्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर जंक्शन-चाँपा जंक्शन रेलखण्ड पर थर्ड एवं फोर्थ लाइन से सबन्धित सयुंक्त अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्यों हेतु प्री-नॉनइंटरलॉकिंग/नॉनइंटरलॉकिंग /पोस्ट नॉनइंटरलॉकिंग कार्य करने के लिए अधिसूचित किया गया है। जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति एवं सांतरागाछी जंक्शन-जबलपुर-सांतरागाछी जंक्शन हमसफर ट्रेनों को 01-01 ट्रिप निरस्त रहेगी। जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है।

प्रारंभिक तिथियों से निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ निरस्त रहेंगी:-

1) गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी जंक्शन हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन रानी कमलापति से 10 जून 2026 को निरस्त रहेगी।

2) गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी जंक्शन-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन सांतरागाछी जंक्शन से 11 जून 2026 को निरस्त रहेगी ।

3) गाड़ी संख्या 20828 सांतरागाछी जंक्शन-जबलपुर हमसफर ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन सांतरागाछी जंक्शन से 10 जून 2026 को निरस्त रहेगी।

4) गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-सांतरागाछी जंक्शन हमसफर ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से 11 जून 2026 को निरस्त रहेगी ।

यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

चाक चैबंद व्यवस्था रखने संभागीय अधिकारी को दिए निर्देश

## निगमायुक्त ने किया संभागीय कार्यालय कछपुरा का औचक निरीक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज संभागीय कार्यालय कछपुरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और स्वच्छता से संबंधित कार्यों को पूरी पारदर्शिता व गति के साथ पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने इस दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत उपस्थित टीम के सदस्यों एवं अन्य अधिकारियों कर्मचारियों से फीडबैक फार्म भी भरवाया।

व्यवस्थाएं होंगी और भी बेहतर

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह को निर्देश दिए कि कार्यालय की सभी व्यवस्थाएं चाक-चैबंद रखी जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यालय आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी समस्याओं का निराकरण त्वरित गति से किया जाए। अनुशासन और स्वच्छता को कार्यालय की प्राथमिकता में रखने की बात भी उन्होंने दोहराई।

स्वच्छता सर्वेक्षण, जमीनी स्तर पर दिखेगा असर स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त ने इस अवसर पर स्वयं स्वच्छता फीडबैक भी भरवाया। उन्होंने बाजार अधीक्षक राजेंद्र दुबे एवं उनकी टीम को निर्देशित किया कि स्वच्छता फीडबैक और जागरूकता अभियान में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर नजर आनी चाहिए, प्रमुख बाजारों में नियमित सफाई और कचरा संग्रहण की निगरानी बढ़ाएँ, नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण से जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर संवाद करें। निगमायुक्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर लाना है। इसके लिए हर विभाग और अधिकारी को अपनी जवाबदेही पूरी निष्ठा से निभानी होगी। इस अवसर पर अपर आयुक्त अशफाक परवेज कुरैशी आदि भी उपस्थित रहे।



### कचहरी दरगाह में आज कुल शरीफ, महफिले रंग और लंगर-ए-आम का आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा दरगाह में चल रहे उर्स शरीफ के अंतिम दिन बुधवार को कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। बाद नमाज़-ए- जुहर दोपहर 3 बजे महफिले रंग का आगाज़ होगा, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद शिरकत करेंगे। उर्स के इस मुबारक मौके पर जबलपुर के मशहूर कव्वालों द्वारा सूफियाना कलाम पेश किए जाएंगे। कुल शरीफ की फातिहा के बाद लंगर-ए-आम तक़सीम किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आए जायरीन और स्थानीय लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं भी मांगी जाएंगी। शहर की तमाम खानकाहों से जुड़े सूफी हज़रतों और अकीदतमंदों से इस मुबारक महफिल में शिरकत कर सवाबे दारैन हासिल करने की अपील की गई है।

## बसपा ने आरती चौधरी हत्याकांड सहित जिले में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। घमापुर थाना अंतर्गत आरती चौधरी की निर्मम हत्या, पनागर, भेड़ाघाट, सहपूरा, सिहोरा, पाटन सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग पर आये दिन होने वाले अन्याय अत्याचार, जिले में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं में नाकाम पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस अधीक्षक जबलपुर को आज बहुजन समाज पार्टी जबलपुर जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ितों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराते हुए सभी मामलों में संज्ञान लेने व आरती चौधरी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर इस मामले में अन्य शामिल लोगों पर भी कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया, बसपा नेताओं ने बताया कि चार दिन पूर्व घरों में झाडू पोछा का काम कर अपना जीवन यापन करने वाली आरती चौधरी की हत्या कर दी गई, उसके मृत्य शरीर को देखकर ही लग रहा था कि पहले उसके साथ मारपीट,जोर जबरदस्ती की गई और फिर उसकी हत्या कर शरीर को पंखे से लटका दिया गया, इस तरह की एक घटना शहपुरा थाने में 2 वर्ष पूर्व हुई थी जिसके आरोपी आज भी पुलिस नहीं पकड़ पाई है, पनागर में अनुसूचित वर्ग के लोगों के घरों में पथराव होने के बाद पुलिस ने पीड़ितों पर भी मुकदमा दर्ज कर दिया, पीड़ितों को ही थाने में बंद कर पैसों की मांग की गई, भेड़ाघाट थाना अंतर्गत बुजुर्ग जीवन अहिरवार को सरपंच सहित अन्य लोगों की शिकायत पर रोज प्रताड़ित किया जा रहा है मुकदमा वापस लेने दबाव बनाने के लिए आए दिन बाहरी गुंडे बदमाश धमकी दे रहे हैं लेकिन पुलिस कोई एक्सन नहीं ले रही है, पाटन के पत्रकार अजय अहिरवार को भी वहां के धन्नासेठों द्वारा जान से मारने की धमकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं में कार्यवाही नहीं होने पर बसपा नेताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए, पुलिस अधीक्षक से आपराधिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही करने, थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के मामलों में तत्परता से कार्यवाही कराने, गरीबों से उनके मामलों में पैसा लूटने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही के निर्देश जारी करने की मांग की इस मौके पर बसपा जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार, पूर्व पार्षद शरण चौधरी, दिनेश कुशवाहा, सुरजीत चौधरी, सुधा सिंह, रामराज राम, लक्ष्मण चौधरी, मुन्ना सतनामी, राकेश समुन्द्र, शिव प्रकाश, विजय भौरेल, भोले शंकर, महेंद्र चौधरी, शेखर चौधरी, सिकंदर अली, राम सेवक बिरहा,छोटे लाल, मुकेश सूर्यवंशी, दिलीप चौधरी, राजमनी साकेत, जानकी प्रसाद,गेंदलाल अहिरवार,विजय बसकार, सचिन कुमार, सतपाल, कृष्णा चौधरी,सरोज चौधरी, ईशांत लोखंडे, सरमन चौधरी,मुकेश चौधरी, मिलिंद लोखंडे,सीमा चौधरी, अनीता चौधरी, सहित बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित पीड़ित उपस्थित हुए।

## जायसवाल बंधुओं ने कौमी एकता की चादर सूफी नृत्य कर पेश की



जबलपुर। हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा की दरगाह पर जारी पांच दिवसीय उर्स शरीफ में अकीदतमंदों के जनसैलाब के साथ अशोक जायसवाल बाबा की ओर से भारतीपुर खेरमाई से चादर जुलूस निकाला गया जो शहर में भ्रमण पश्चात कचहरी दरगाह पहुंचा तदोपरांत ममता जायसवाल, रजनी जायसवाल, कांचा जायसवाल द्वारा सूफी नृत्य कर कौमी एकता की चादर पेश की गई। इस अवसर पर पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, आकाश जायसवाल, विकास जायसवाल, अखिल जायसवाल, मिट्ठू नेता, सरफराज नात खां, बाबा चाय, सबूर उस्मानी, राजू पराग, यूसुफ खान, अन्नू मलिक, राशिद मुजावर, सलीम मुजावर, रहमान खान कलेक्ट्रेट, रहमान खान रेल्वे, सुनील चौकसे, नमन चौकसे, किशन कुमार, हृदय कुमार, राम बाबू, असलम, बिट्ठू, अयूब मुंशी, अबरार, बद्री ड्राइवर आदि ने विशेष रूप से उपस्थित होकर प्रसाद वितरित किया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि ) ।थाना रांझी मे ं रामहेतु मौर्य उम्र 42 साल निवासी मुन्ना किराना स्टोर के पास गंगा मईया दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास थाना रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह सब्जी बेचने का काम करता है । दिनांक 16.04.2026 को घर मे ताला लगाकर रायबरेली उ.प्र शादी में गया हुआ था ।मेरे पडोसी रंजना विश्वकर्मा ने फोन से बताया गया कि रात तक आपके घर का ताला नहीं टूटा था आज 04.05.2026 को सुबह 07 बजे करीब उठकर देखी तो आपके घर का दरबाजा खुला था व ताला वहीं जमीन पर टूटा हुआ पडा है ।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के छात्रों में आक्रोश, एनएसयूआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री और नीट अध्यक्ष का पुतला जलाया







जबलपुर/राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (ह्ल्ञ्ज) ने नीट यूजी 2026 परीक्षा (नीट 2026) रद्द कर लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं,परीक्षा रद्द होने से देश के विद्यार्थियों में बहुत गुस्सा है और प्रदर्शन कर रहे हैं, जबलपुर में विद्यार्थियों ने ह्स्ढ्ढ के साथ मिलकर विरोध दर्ज कराया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और एनटीए चेयरमैन प्रदीप जोशी का पुतला जलाया।

3 मई 2026 को आयोजित की गई नीट यूजी 2026 परीक्षा की रद्द कर दिया गया है एनटीए ने ये फैसला राजस्थान में नीट पेपर लीक होने की घटना को देखते हुए लिया है, एनटीए इस फैसले को छात्र हित और परीक्षाओं में विश्वसनीयता और पारदर्शिता कायम रखने वाला निर्णय बता रही है उधर छात्रों में इस फैसले को लेकर बहुत गुस्सा है।

गुस्साए छात्रों ने आज मालवीय चौक पर एनएसयूआई के छात्र नेता अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और एनटीए (ह्ल्ञ्ज ) के अध्यक्ष प्रदीप जोशी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया इस दौरान पुलिस व छात्र नेताओं की झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि देशभर में लगभग 30 लाख छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष ह्वश्वश्ञ्ज जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी करते हैं लेकिन प्रतिवर्ष परीक्षा रद्द हो जाने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में अटक जाता है जो छात्रों के हितों के खिलाफ है ।एनएसयूआई के अनुराग शुक्ला ने कहा कि नीट की परीक्षा में हर वर्ग का छात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल होता है लेकिन अमीर लोगों के बच्चों को अच्छे नंबर से पास करवाने के उद्देश्य से शिक्षा माफिया द्वारा प्रतिवर्ष नीट का पेपर लीक करवा दिया जाता है और बाद में परीक्षा ही रद्द हो जाती है। हमारी मांग है की अमीरों के अलावा जो बच्चे गरीब वर्ग से आते हैं और बड़ी मेहनत एवं लगन से नीट की साल भर तैयारी करते हैं तैयारी के बाद जब परीक्षा केंद्र पर पहुंचते हैं तो पता चलता है कि पेपर रद्द हो गया है यह छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को खराब करता है एवं छात्र इस कारण से अवसाद में चले जाते हैं जिससे मेडिकल फील्ड में अच्छे डॉक्टर की कमी बनने की संभावना है।

**सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की मांग**

एनएसयूआई के अनुराग शुक्ला व प्रतीक गौतम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेडिकल फील्ड की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा नीट का पेपर लीक हो गया है जिसके कारण 30 लाख से ज्यादा छात्राएं प्रभावित हुए हैं हर वर्ष पेपर लीक हो जाने के कारण छात्राएं भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं। हमारी मांग है कि नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में एक न्यायिक कमेटी बनाई जाए और मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा दोषियों का कड़ी कार्रवाई कि जाये जिससे प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में नीट की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके ।प्रदर्शन में प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी,सैफ मंसूरी, वकार खान,युग ठाकुर,अरमान, सोधूं मेश्राम, अनिकेत तिवारी सहित सैकड़ो छात्र मौजूद थे।



# जबलपुर में साइकल से हाईकोर्ट पहुंचे जस्टिस, कहा, तेल बचाना सभी की जिम्मेदारी है

जबलपुर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्यूल बचाने की अपील का असर अब मध्यप्रदेश में भी दिखाई देने लगा है. आज मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल लग्जरी कार छोड़ साइकिल से हाईकोर्ट पहुंचे. उनका वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच इसकी चर्चा शुरू हो गई.

बताया गया है कि जस्टिस डीडी बंसल करीब 3 किलोमीटर तक साइकिल चलाकर सिविल लाइंस स्थित निवास से हाईकोर्ट पहुंचे. इस दौरान रास्तेभर लोगों की नजरें उन पर टिकी रहीं. हाईकोर्ट परिसर पहुंचने पर भी कर्मचारियों और आम लोगों ने उन्हें उत्सुकता से देखा. इस दौरान उन्होने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जस्टिस डीडी बंसल ने कहा कि यह सोच गलत है कि हाईकोर्ट के जज साइकिल से नहीं जा सकते. उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो, सभी लोगों को साइकिल चलाकर पेट्रोल-डीजल की बचत करनी चाहिए.

उन्होंने इसे पर्यावरण और देशहित से जुड़ा विषय बताया. जस्टिस बंसल ने बताया कि वे मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा से प्रेरित होकर साइकिल चला रहे हैं. इस दौरान हाईकोर्ट के कुछ कर्मचारियों ने भी बैग और टिफिन लेकर साइकिल से आने-जाने की पहल की. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान देशवासियों से फ्यूल की खपत कम करने की अपील की थी. उन्होंने लोगों से कहा था कि जहां तक संभव हो, पेट्रोल और डीजल का कम इस्तेमाल करें तथा मेट्रो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं, ताकि ऊर्जा की बचत हो सके और विदेशी मुद्रा पर पडने् वाला दबाव कम किया जा सके.




स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096